

# जैन साहित्य एवं मंदिर उपकरण





हमारे यहाँ सभी प्रकार का दिगंबर जैन एवं भारत के सभी प्रमुख
धार्मिक संस्थानों का सत साहित्य एवं मंदिर में उपयोग हेतु उपकरण
और प्रभावना में बाटने योग्य सामग्री सीमित मूल्य पर उपलब्ध है



(पांडुशिला ,सिंघासन, छत्र, चवर प्रातिहार्य,जाप माला ,मंगल कलश, पूजा बर्तन ,चंदोवा,तोरण ,झारी ,

(शुद्ध चांदी के उपकरण आर्डर पर निर्मित किया जाता है )



नोट:-हमारे यहाँ घरो में उपयोग हेतु ,साधुओ के उपयोग हेतु ,
अनुष्ठानों में उपयोग हेतु शुद्ध घी भी आर्डर पर
उपलब्ध कराया जाता है


SOURABH KUMAR JAIN

9993602663

77229 83010

SOURABHJN1989@GMAIL.COM












# श्री शान्तिनाथ भक्तामर विधान माड़ना




सर्वरोग निवारक सर्वार्थसिद्धिदायक मंत्र

ॐ ह्रीं श्रीं भ्रीं झ्रीं क्रौं रक्ष-रक्ष सर्वरोगनिवारक सर्वार्थसिद्धिदायक शान्तिनाथाय नमः

प.पू. मुनि पुंगव श्री 108 सुधासागर जी महाराज,
मुनिश्री महासागरजी, मुनिश्री निष्कम्पसागरजी, क्षु.गम्भीरसागरजी,
क्षु. धैर्यसागरजी के सानिध्य में असीम कालीन श्री 1008 शांतिनाथ
भक्तामर विधान प्रारम्भ मिति मार्गशीर्ष शुक्ल षष्ठी
दिनांक 13.12.2018 दिन गुरूवार शुभ मुहुर्त हुआ।

**पावन प्रसंग** : विशाल बालब्रह्मचारी संघ नायक महाकवि गुरुवर्य आचार्य चूड़ामणि श्रीविद्यासागरजी महामुनिराज के परम शिष्य पूज्य मुनिपुंगव श्री सुधासागरजी, मुनिश्री महासागरजी, मुनिश्री निष्कम्पसागरजी, क्षु. गम्भीर सागरजी, क्षु. धैर्यसागरजी के 2018 के वर्षायोग के पावन प्रसंग के सुअवसर पर प्रकाशित **श्रीशांतिनाथ भक्तामर विधान।**

**संस्करण** : **प्रथम**

**प्राप्ति स्थान** : भगवान ऋषभदेव ग्रन्थमाला, सांगानेर, जयपुर
फोन : 0141-2730390
**ब्र. महावीर भैया** **आशीष शास्त्री**
**मो. 7021133107** **मो. -9462549922**

**मूल्य** : **100/- रूपये**

**मुद्रक** : **निओ ब्लॉक, अजमेर ( राज. )**

# श्री शान्तिनाथ भक्तामर विधान

# मङ्गलाष्टकम्

नाभेयादिजिना ऋषीन्द्रमहिता, वीरान्त-तीर्थंकराः,
श्रीमन्तो भरतेश्वरप्रभृतयस्तैश्चक्रिभिः पूजिताः।
ये विष्णु-प्रतिविष्णुलाङ्गलधरैः, सम्पूजिता विश्रुताः,
वन्द्या इन्द्रशतैश्च भान्ति भुवने, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥1॥
ये गर्भोत्सव-जन्मपूजितजिना, दीक्षोत्सवं प्राप्तकाः,
कैवल्योत्सवचामरादिपतयो, निर्वाणपूजां गताः।
प्राप्तानन्तगुणाश्च दोषरहिताः, पूज्याः सुरेन्द्रादिभिः,
ये कल्याणकभाजिनो जिनवराः, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥2॥
कैलासाच्च शिवंगतः पुरुवरः पूज्यस्तु चंपापुरात्,
श्रीनेमीश्वर ऊर्जयन्तगिरितः, पावापुरात् सन्मतिः,
सम्मेदाचलतस्तु शेषजिनपाः, सिद्धिंगतास्तीर्थपाः।
आत्मानन्दरसं पिबन्ति सततं, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥3॥
अर्हन्तः सुरनाथपूजितपदाः, सिद्धाः शिवं प्राप्तकाः,
आचार्या भविदीक्षकाः श्रुतधरा, जैना उपाध्यायकाः।
सम्यग्दर्शनबोधवृत्तचरिताः, स्वात्मस्थिताः साधवः,
आराध्या यतिभिश्च पञ्चगुरवः, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥4॥
जैनेन्द्रोक्तसुधर्ममोक्षसुखदं, दृग्बोधचारित्रकम्,
पीयूषौषधरूपजैनवचनं, जन्मादि-रोगान्तकम्।
त्रैलोक्यस्थितजैनचैत्यभवनं, जैनेन्द्र-चैत्यानि च,
जैनाराध्यजिनादिदेवनवकं, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥5॥
ये बुद्ध्यर्द्धि - बलर्द्धि - युक्तमुनयः, खेगामिनश्चारणाः,
ये दीप्तादि - तपर्द्धि - युक्तयतयः, क्षीरादि-स्रावीशकाः।
ये सर्वौषध-विक्रियर्द्धि सहिता, अक्षीणवासान्नकाः,
इत्थं सर्वमहर्षयो गणधराः, कुर्वन्तु ते मङ्गलम् ॥6॥

मूलं यस्य दया महाव्रतजलै-, र्वर्धत्यहिंसालता,
शाखाः शीलगुणाः कलिः समितिका, पत्रं च सम्यक्तपः।
मैत्रीस्कन्धसुसाम्यगन्धहितदं, स्वर्गापवर्गौ फलं,
शान्तिस्तापहरी स धर्मतरुकः, कुर्यात् सदा मङ्गलम् ॥7॥
सर्वज्ञेन विलोकिता भुवनका, भावा यथावस्थिताः,
तैर्गुम्फीकृतशास्त्रवाक्यरचना, जैनागमः कथ्यते।
यस्मिन् लीनमुनीशसिद्धिरसिकाः, कर्मक्षयं कुर्वते,
तं वन्दे शिवसौख्यदं जिनवचः, कुर्यात् सदा मङ्गलम् ॥8॥
पूजारम्भ-जिनोत्सवे मृदुकरं, क्षेमंकरं चाष्टकम्,
ये श्रृण्वन्ति पठन्ति मंगलमिदं, भक्त्या सदा सज्जनाः।
ते भव्याः कृतिनो भवन्ति भुवने, प्राज्ञैः प्रशंसां गताः,
लब्ध्वा लोकसुखं च मौक्तिकसुखं, शीघ्रं लभन्ते बुधाः ॥9॥

॥ इति मंगलाष्टकस्तोत्रम् ॥

विद्यासागर - वीतराग - गणिनं, ज्योतिर्मयं ज्ञायकं,
पंचाचार-समग्र-शोभित-पदं, ज्ञानोदधेः शिष्यकम्।
आचार्यं गुणधारकं कविवरं, साहित्य-संसाधकं,
कौमारं शिवसाधकं मृदुकरं, भक्त्या प्रवन्दामहे ॥

---

विद्यासागर विश्ववाहि-सुनदी, स्वाध्याय-संवाहिता,
सम्यग्ज्ञान-सुनिर्मला धवलिता, ज्ञानाद्रिजा राजिता।
मूलाचार-निजानुभूति-सुतटा, स्याद्वादभंगा च या,
तां वन्दे मुनिसंघ-रत्ननिकरा, निर्ग्रन्थनीरा वरा ॥

# हस्तप्रक्षालन

ॐ ह्रीं असुजर सुजर स्वाहा।

# दिग्बंधन

**ॐ ह्रां णमो अरहंताणं ह्रां पूर्व दिशा समागतान् विघ्नान् निवारय निवारय मां एतान् सर्वान् रक्ष रक्ष हूं फट् स्वाहा।**

यह मंत्र पढ़कर पूर्व-दिशा में पीली सरसों क्षेपें।

**ॐ ह्रीं णमो सिद्धाणं ह्रीं दक्षिण दिशा समागतान् विघ्नान् निवारय-निवारय मां एतान् सर्वान् रक्ष रक्ष हूं फट स्वाहा।**

यह मंत्र पढ़कर दक्षिण-दिशा में पीली सरसों क्षेपें।

**ॐ ह्रूं णमो आइरियाणं ह्रूं पश्चिम दिशा समागतान् विघ्नान् निवारय-निवारय मां एतान् सर्वान् रक्ष रक्ष हूं फट स्वाहा।**

यह मंत्र पढ़कर पश्चिम-दिशा में पीली सरसों क्षेपें।

**ॐ ह्रौं णमो उवज्झायाणं ह्रौं उत्तर दिशा समागतान् विघ्नान् निवारय-निवारय एतान् सर्वान् रक्ष रक्ष हूं फट स्वाहा।**

यह मंत्र पढ़कर उत्तर-दिशा में पीली सरसों क्षेपें।

**ॐ ह्रः णमो लोए सव्वसाहूणं ह्रः सर्व दिशा समागतान् विघ्नान् निवारय-निवारय मां एतान् सर्वान् रक्ष रक्ष हूं फट स्वाहा।**

यह मंत्र पढ़कर सर्व दिशाओं में पीली सरसों क्षेपें।

# रक्षासूत्र बन्धन मंत्र

**मङ्गलं भगवान् वीरो, मङ्गलं गौतमो गणी।**

**मङ्गलं कुन्दकुन्दाद्यो, जैनधर्मोऽस्तु मङ्गलं।।**

**ॐ ह्रीं पञ्चवर्णसूत्रेण करे रक्षाबन्धनं करोमि।**

# अभिषेक-पाठ

[श्लोक क्र. (1) एवं 'अथ...कुर्वेऽहम्' यह वाक्य पढ़कर नौ बार णमोकार मन्त्र पढ़ें]

**श्रीमन्नतामरशिरस्तट-रत्न-दीप्ति-तोयावभासि-चरणाम्बुज-युग्ममीशम्।**
**अर्हन्तमुन्नत-पद-प्रदमाभिनम्य, तन्मूर्तिषूद्यदभिषेक-विधिं करिष्ये।।1।।**

अथ पौर्वाह्णिक देव-वन्दनायां पूर्वाचार्यानुक्रमेण सकलकर्मक्षयार्थं भाव-पूजावन्दनास्तवसमेतं श्रीपञ्चगुरुभक्ति-पुरस्सरं कायोत्सर्गं कुर्वेऽहम्।

[श्लोक क्र. (2) पढ़कर थाली में पुष्पाञ्जलि छोड़कर अभिषेक की प्रतिज्ञा करें]

**याः कृत्रिमास्तदितराः प्रतिमाजिनस्य, संस्नापयन्ति पुरुहूत-मुखादयस्ताः।**
**सद्भाव-लब्धि-समयादि-निमित्तगोयात्, तत्रैवमुज्ज्वलधिया कुसुमं क्षिपामि।।2।।**

[श्लोक क्र. (3) पढ़कर अभिषेक की थाली में 'श्री' लेखन करें]

**श्रीपीठक्लृप्ते विशदाक्षतौघैः, श्रीप्रस्तरे पूर्णशशाङ्क-कल्पे।**
**श्रीवर्तके चन्द्रमसीति वार्तां, सत्यापयन्तीं श्रियमालिखमि।।3।।**
**ॐ ह्रीं अर्हं श्रीकारलेखनं करोमि।**

[श्लोक क्र. (4) पढ़कर अभिषेक की थाली में सिंहासन स्थापित करें]

**कनकाद्रि-निभं कम्रं पावनं पुण्यकारणम्।**
**स्थापयामि परं पीठं जिनस्नपनाय भक्तितः।।4।।**
**ॐ ह्रीं श्रीपीठस्थापनं करोमि।**

[श्लोक क्र. (5 व 6) पढ़कर प्रतिमाजी स्थापित करें]

**भृङ्गार-चामर-सुदर्पण-पीठ-कुम्भ-ताल-ध्वजातप-निवारक-भूषिताग्रे।**
**वर्धस्व नन्द जय-पाठपदावलीभिः, सिंहासने जिन!भवन्तमहं श्रयामि।।5।।**
**वृषभादि-सुवीरान्तान् जन्माप्तौ जिष्णुचर्चितान्।**
**स्थापयाम्यभिषेकाय भक्त्या पीठे महोत्सवम्।।6।।**
**ॐ ह्रीं श्रीधर्मतीर्थाधिनाथ! भगवन्निह पाण्डुक-शिलापीठे सिंहासने तिष्ठ तिष्ठ।**

[श्लोक क्र. (7 व 8) पढ़कर चारों कलशों में स्वास्तिक बनाकर चारों कोनों पर स्थापित करें]

**श्रीतीर्थकृत्स्नपन-वर्य विधौ सुरेन्द्रः क्षीराब्धि-वारिभिरपूरयदुद्ध कुम्भान्।**[१]
**तांस्तादृशानिव विभाव्य यथार्हणीयान्, संस्थापये कुसुमचन्दनभूषिताग्रान्।।7।।**

शातकुम्भीय-कुम्भौघान् क्षीराब्धेस्तोयपूरितान्।
स्थापयामि जिनस्नान-चन्दनादि-सुचर्चितान्।। 8।।
ॐ ह्रीं चतुःकोणेषु चतुःकलशस्थापनं करोमि।

[श्लोक क्र. (9) पढ़कर अभिषेक पीठिका पर विराजमान जिनप्रतिमा के लिये अर्घ्य चढ़ावें।]

आनन्द-निर्भर-सुर-प्रमदादि-गानैर्वादित्र-पूर-जय-शब्द-कलप्रशस्तैः।
उद्गीयमान-जगतपति-कीर्तिमेनां, पीठस्थलीं वसु विधार्चनयोल्लसामि।। 9।।
ॐ ह्रीं स्नपनपीठस्थिताय जिनायार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

[श्लोक क्र. (10) पढ़कर अभिषेक कलश सिर पर धारण कर अभिषेक मुद्रा बनायें]

कर्म प्रबन्ध-निगडैरपि हीनताप्तं, ज्ञात्वापि भक्तिवशतः परमादि-देवम्।
त्वांस्वीयकल्मषगणोन्मथनाय देव!, शुद्धोदकैरभिनयामि [2]महाभिषेकम्।।10।।

[बीजाक्षर बोलते हुए अभिषेक करें]

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वं मं हं सं तं पं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं झं झं झ्वीं झ्वीं क्ष्वीं क्ष्वीं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय नमोऽर्हते भगवते श्रीमते पवित्रतरजलेन जिनमभिषेचयामि स्वाहा

[श्लोक क्र. (11) पढ़कर उक्त मन्त्र बोलते हुए कलश से धारा प्रतिमाजी पर छोड़ें]

तीर्थोत्तम - भवैर्नीरैः, क्षीर - वारिधि - रूपकैः।
स्नपयामि सुजन्माप्तान्, जिनान् सर्वार्थसिद्धिदान् ।। 11।।
ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरान्तान् जलेन स्नपयामीति स्वाहा।

[श्लोक क्र. (12) पढ़कर उक्त बीजाक्षर बोलते हुए चारों कलशों में शान्तिधारा करें]

सकलभुवननाथं तं जिनेन्द्र सुरेन्द्रै-
रभिषवविधिमाप्तं स्नातकं स्नापयामः।
यदभिषवन-वारां बिन्दुरेकोऽपि नृणां,।
प्रभवति हि विधातुं भुक्तिसन्मुक्तिलक्ष्मीम् ।। 12।।

## लघुशान्तिधारा

**ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वं मं हं सं तं पं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं झं झं झ्वीं झ्वीं क्ष्वीं क्ष्वीं द्रां द्रां द्रीं द्रीं हं झं क्ष्वीं क्ष्वीं हं सः झं वं ह्रः यः सः क्षां क्षीं क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षं क्षः क्ष्वीं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रों ह्रौं ह्रं ह्रः द्रां द्रीं नमोऽर्हते भगवते श्रीमते ठः ठः इति बृहच्छान्ति-मन्त्रेणाभिषेकं करोमि।**

**( 1 ) श्रेष्ठी श्री ............................ ( 2 ) श्रेष्ठी श्री ............................**

**( 3 ) श्रेष्ठी श्री ............................ ( 4 ) श्रेष्ठी श्री ............................**

उपस्थित समस्त भव्यजनस्य एवं दिगम्बर जैन सुदर्शनोदय तीर्थ श्रीरस्तु वृद्धिरस्तु तुष्टिरस्तु पुष्टि रस्तु शान्तिरस्तु कान्तिरस्तु कल्याणमस्तु स्वाहा।

**( 1 ) श्रेष्ठी श्री ............................ ( 2 ) श्रेष्ठी श्री ............................**

**( 3 ) श्रेष्ठी श्री ............................ ( 4 ) श्रेष्ठी श्री ............................**

उपस्थित समस्त भव्यजनस्य एवं दिगम्बर जैन सुदर्शनोदय तीर्थ कार्य सिद्ध्यर्थं सर्वविघ्ननिवारणार्थं श्रीमद्‌भगवद् अर्हत्सर्वज्ञपरमेष्ठिपरमपवित्राय नमो नमः।

**( 1 ) श्रेष्ठी श्री ............................ ( 2 ) श्रेष्ठी श्री ............................**

**( 3 ) श्रेष्ठी श्री ............................ ( 4 ) श्रेष्ठी श्री ............................**

उपस्थित समस्त भव्यजनस्य एवं दिगबर जैन सुदर्शनोदय तीर्थ श्रीशान्तिभट्टारकपादपद्‌मप्रसादात् सद्धर्मश्रीबलायुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्धिरस्तु सद्धर्म स्वशिष्यपरशिष्यवर्गाः प्रसीदन्तु नः ओं वृषभादयः श्रीवर्धमानपर्यन्ताश्चतुर्विंशत्यर्हन्तो भगवंतः सर्वज्ञाः परममङ्गलनामधेयाः।

**( 1 ) श्रेष्ठी श्री ............................ ( 2 ) श्रेष्ठी श्री ............................**

**( 3 ) श्रेष्ठी श्री ............................ ( 4 ) श्रेष्ठी श्री ............................**

उपस्थित समस्त भव्यजनस्य एवं दिगम्बर जैन सुदर्शनोदय तीर्थ इहामुत्र च सिद्धिं तन्वन्तु सद्धर्मकार्येषु इहामुत्र च सिद्धिं प्रयच्छन्तु नः।

# शान्तिधारा पाठ

[बोली लेने वाले श्रावक-श्रेष्ठी से शान्तिधारा करायें]

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं वं मं हं सं तं पं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं झं झ झ्वीं झ्वीं क्ष्वी क्ष्वीं द्रां द्रां द्रीं द्रीं द्रावय द्रावय नमोऽर्हते भगवते श्रीमते। ॐ ह्रीं क्रौं मम पापं खण्डय खण्डय जहि जहि दह दह पच पच पाचय पाचय ॐ नमो अर्हं झं झ्वीं क्ष्वीं हं सं झं व ह्ः यः सः क्षां क्षीं क्षूं क्षें क्षैं क्षों क्षौं क्षं क्षः क्ष्वीं ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रें ह्रैं ह्रों ह्रौं ह्रं ह्रः द्रां द्रीं द्रावयद्रावय नमोऽर्हते भगवते श्रीमते ठः ठः **अस्माकं** श्रीरस्तु वृद्धिरस्तु तुष्टिरस्तु पुष्टिरस्तु शान्तिरस्तु कान्तिरस्तु कल्याणमस्तु स्वाहा। एवमस्मांक कार्यसिद्ध्यर्थं सर्वविघ्ननिवारणार्थं श्रीमद्भगवदर्हत्सर्वज्ञपरमेष्ठिपरमपवित्राय नमो नमः। **अस्माकं** श्रीशान्तिभट्टारकपादपद्मप्रसादात् सद्धर्मश्रीबलायु-रारोग्यैश्वर्याभिवृद्धिरस्तु सद्धर्मस्वशिष्यपरशिष्यवर्गाः प्रसीदन्तु नः।

ॐ वृषभादयः श्री वर्द्धमानपर्यन्ताश्चतुर्विंशत्यर्हन्तो भगवन्तः सर्वज्ञाः परममङ्गलनामधेया **अस्माकं** इहामुत्र च सिद्धिं तन्वन्तु सद्धर्मकार्येषु इहामुत्र च सिद्धिं प्रयच्छन्तु नः।

ॐ नमोऽर्हते भगवते श्रीमते श्रीमत्पार्श्वतीर्थङ्कराय श्रीमद्रत्नत्रयरूपाय दिव्यतेजोमूर्तये प्रभामण्डलमण्डिताय द्वादशगणसहिताय अनन्तचतुष्टयसहिताय समवशरणकेवलज्ञानलक्ष्मीशोभिताय अष्टादशदोषरहिताय षट्चत्वारिंशद्गुण-संयुक्ताय परमेष्ठिपवित्राय सम्यग्ज्ञानाय स्वयंभुवे सिद्धाय बुद्धाय परमात्मने परम-सुखाय त्रैलोक्यमहिताय अनन्तसंसारचक्रप्रमर्दनाय अनन्तज्ञानदर्शनवीर्य-सुखास्पदाय त्रैलोक्यवशङ्कराय सत्यज्ञानाय सत्यब्रह्मणे बृहत्फणामण्डलमण्डिताय ऋष्यार्यिकाश्रावकश्राविका प्रमुखचतुःसंघोपसर्गविनाशनाय घातिकर्मक्षयङ्कराय अजराय अभवाय **अस्माकं** (अमुकराशिनामधेयानां) 'व्याधिं घ्नन्तु। श्रीजिनाभिषेक-पूजनप्रसादात् **अस्माकं** सेवकानां सर्वदोषरोगशोकभयपीडाविनाशनं भवतु।

ॐ नमोऽर्हते भगवते प्रक्षीणाशेषदोषकल्मषाय दिव्यतेजोमूर्तये, नमः श्रीशान्तिनाथाय शान्तिकराय सर्वविघ्नप्रणाशनाय सर्वरोगापमृत्युविनाशनाय सर्वपरकृतक्षुद्रोपद्रवविनाशनाय सर्वारिष्टशान्तिकराय। ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः अ सि आ उ सा नमः मम सर्वविघ्नशान्तिं कुरु कुरु मम सर्वतुष्टिं कुरु कुरु मम सर्वपुष्टिं कुरु कुरु

स्वाहा। मम कामं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। रतिकामं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। बलिकामं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि क्रोधं पापं वैरं च छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। अग्निवायुभयं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वशत्रुविघ्नं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वोपसर्गं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वविघ्नं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वराज्यभयं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वचौरदुष्टभयं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वसर्पवृश्चिकसिंहादिभयं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वग्रहभयं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वदोषं व्याधिं डामरं च छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वपरमन्त्रं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वात्मघातं परघातं च छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वशूलरोगं कुक्षिरोगं अक्षिरोगं शिरोरोगं ज्वररोगं च छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वनरमारिं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वगजाश्वगोमहिषाजमारिं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वसस्यधान्यवृक्षलतागुल्मपत्रपुष्पफलमारिं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वराष्ट्रमारिं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वक्रूरवेतालशाकिनीडाकिनीभयानि छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्ववेदनीयं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वमोहनीयं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वापस्मारिं छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। **अस्माकं** [२]अशुभकर्मजनितदुःखानि छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। दुष्टजनकृतान्मन्त्रतन्त्रदृष्टिमुष्टिछलछिद्रदोषान् छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वदुष्टदेवदानववीरनरनाहरसिंहयोगिनीकृतदोषान् छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वाष्टकुलीनागजनितविषभयानि छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वस्थावर-जङ्गमवृश्चिकसर्पादिकृतदोषान् छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। सर्वसिंहाष्टापदादिकृतदोषान् छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। परशत्रुकृतमारणो-च्चाटनविद्वेषणमोहनवशीकरणादिकृतदोषान् छिन्धि छिन्धि भिन्धि भिन्धि। ॐ ह्रीं अस्मभ्यं चक्रविक्रमसत्त्वतेजोबलशौर्यवीर्यशान्तीः पूरय पूरय। सर्वजीवानन्दनं जनानन्दनं भव्यानन्दनं गोकुलानन्दनं च कुरु कुरु। सर्वराजानन्दनं कुरु कुरु। सर्वग्राम-नगर-खेट-कर्वट[१]-मटम्ब-पत्तन-द्रोणामुख-संवाहानन्दनं कुरु कुरु। सर्वानन्दनं कुरु कुरु स्वाहा।

**अनुष्टुप्-छन्दः**

**यत्सुखं त्रिषु लोकेषु व्याधिव्यसनवर्जितम्।**
**अभयं क्षेममारोग्यं स्वस्तिरस्तु विधीयते।।**

श्रीशान्तिरस्तु। शिवमस्तु। जयोऽस्तु। नित्यमारोग्यमस्तु। **अस्माकं** तुष्टिरस्तु। पुष्टिरस्तु। समृद्धिरस्तु। कल्याणमस्तु। सुखमस्तु। अभिवृद्धिरस्तु। दीर्घायुरस्तु कुलगोत्रधनानि सदा सन्तु। सद्धर्मश्रीबलायुरारोग्यैश्वर्याभिवृद्धिरस्तु।

ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं अर्हं अ सि आ उ सा अनाहतविद्यायै णमो अरिहंताणं ह
सर्वशान्तिं कुरु कुरु स्वाहा। (यह मंत्र 9 बार पढ़ें)

**स्रग्धराछन्दः**

**आयुर्वल्लीविलासं सकलसुखफलै-र्द्राघयित्वाश्वनल्पं,**
**धीरं वीरं [2]शरीरं निरुपममुनयत्वातनोत्वच्छकीर्तिम्।**
**सिद्धिं वृद्धिं समृद्धिं प्रथयतु तरणिः स्फूर्यदुच्चैः प्रतापं,**
**कान्तिं शान्तिं समाधिं वितरतु [3]जगतामुत्तमा शान्तिधारा।।**

**इति बृहच्छान्तिधारा**

**सम्पूजकानां प्रतिपालकानां यतीन्द्रसामान्य तपोधनानाम्।**
**देशस्य राष्ट्रस्य पुरस्य राज्ञः करोतु शान्तिं [4]भगवज्जिनेन्द्रः।।**

**छत्र स्थापना**

**छत्रत्रयं तव विभाति शशाङ्ककान्तमुच्चैः स्थितं स्थगितभानुकरप्रतापम्।**
**मुक्ताफल-प्रकर-जाल-विवृद्ध-शोभं, प्रख्यापयत् त्रिजगतः परमेश्वरत्वम्।।**
**ॐ ह्रीं अष्टप्रातिहार्यमध्ये छत्रत्रयं स्थापयामि।**
(उक्त स्तोत्र पढ़कर छत्र चढ़ायें)

**चँवर स्थापना**

**कुन्दावदात-चलचामर-चारु-शोभं, विभ्राजते तव वपुः कलधौतकान्तम्।**
**उद्यच्छशांङ्क-शुचिनिर्झर-वारिधारमुच्चै स्तटं सुरगिरेरिव शातकौम्भम्।।**
**ॐ ह्रीं अष्टप्रातिहार्यमध्ये चमरद्वयं स्थापयामि।**
(उक्त स्तोत्र पढ़कर चमर चढ़ायें)

**पानीय-चन्दन-सदक्षत-पुष्प-पुञ्ज-नैवेद्य-दीपक-सुधूप-फलव्रजेन।**
**कर्माष्टक-क्रथन-वीरमनन्त-शक्तिं,**
**सम्पूजयामि महसा महसां निधानम्।। 13।।**

ॐ ह्रीं अभिषेकान्ते वृषभादिवीरान्तेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

[श्लोक क्र. (13) पढ़कर प्रतिमाजी के लिये अर्घ्य समर्पित करें]

**ये तीर्थपा निज-यशो-धवली-कृताशाः, सिद्धौषधाश्च भवदुःख - महागदानाम्।**
**सद्भव्यहृज्जनित-पङ्क - कबन्ध - कल्पाः, ते मे जिनाः सतत - शान्तिकरा भवन्तु।। 14।।**

ॐ ह्रीं अभिषेकान्ते शान्त्यर्थं दिव्यपुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।

[श्लोक क्र. (14) पढ़कर शान्ति प्राप्ति के लिये पुष्पाञ्जलि छोड़ें]

**श्री शान्तिनाथ भगवान्**

**वसु द्रव्य सँवारी, तुम ढिंग धारी, आनन्दकारी दृग प्यारी।**
**तुम हो भवतारी, करुणाधारी, यातै थारी शरनारी**
**श्री शान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं।**
**हनि अरि-चक्रेशं हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं।।**

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

**जिनवाणी**

**जलचन्दनअक्षतफूल चरू, युत दीपधूप अति फल लावै।**
**पूजा को ठानत जो तुम जानत, सो नर 'द्यानत' सुख पावै।**
**तीर्थंकर की ध्वनि गणधर ने सुनी अंग रचे मुनि ज्ञानमई।**
**सो जिनवर वानी शिवसुखदानी, त्रिभुवनमानी पूज्य भई।**

ऊँ ह्रीं श्रीजिनमुखोद्भवसरस्वतीदेव्यै अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

**आचार्य श्री विद्यासागर जी**

**श्री विद्यासागर के चरणों में झुका रहा अपना माथा।**
**जिनके जीवन की हर चर्या बन पड़ी स्वयं ही नवगाथा।**
**जैनागम का वह सुधा कलश जो बिखराते हैं गलीगली।**
**जिनके दर्शन को पाकर के खिलती मुरझाई हृदय कली।।**
**भावों की निर्मल सरिता में, अवगाहन करने आया हूँ।**
**मेरा सारा दुख दर्द हरो, यह अर्घ भेटने लाया हूँ।**
**हे तपो मूर्ति! हे आराधक! हे योगीश्वर! हे महासन्त!।**
**यह 'अरुण' कामना देख सके, युग-युग तक आगामी बसन्त।।**

ऊँ ह्रूँ आचार्यश्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

**मुनि श्री सुधासागर जी**

**हे सुधासागर दयालु मुझको जीवन दान दो।**
**सर उठाकर चल सकूँ, ऐसा मुझे अभियान दो।**

**आ सकूँ तेरे निकट, ऐसा सरल सोपान दो।**
**शीघ्र तर जाऊँ भवोदधि, यह मुझे वरदान दो।।**
**नाम ही जपता रहूँ, जीवन तराने के लिए।**
**भेंट में कुछ भी नहीं लाया चढ़ाने के लिये।।**

ऊँ ह्रः श्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः अनर्घ्यपदप्राप्तये अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

**नत्वा मुहुर्निज - करैरमृतोपमेयैः,।**
**स्वच्छैर्जिनेन्द्र! तव चन्द्र-करावदातैः।**
**शुद्धांशुकेन विमलेन नितान्तरम्ये,।**
**देहे स्थितान् जलकणान् परिमार्जयामि।। 15।।**

ॐ ह्रीं अमलांशुकेन जिनबिम्बपरिमार्जनं करोमि।

(श्लोक क्रं. (15) पढ़कर शुद्ध एवं साफ वस्त्र से प्रतिमाजी का परिमार्जन करें)

**स्नानं विधाय भवतोऽष्टसहस्त्रनाम्ना-**
**मुच्चारणेन मनसो वचसो विशुद्धिम्।**
**जिघृक्षुरिष्टिमिन तेऽष्ट-तयीं विधातुं,**
**सिंहासने विधिवदत्र निवेशयामि।। 16।।**

ॐ ह्रीं श्रीसिंहासनपीठे जिनबिम्बं स्थापयामि।

(श्लोक क्रं. (16) पढ़कर जिन-प्रतिमाजी को वेदी पर विराजमान करें)

**जलगन्धाक्षतैः पुष्पैश्चरुदीपसूधूपकैः।**
**फलैरर्घैर्जिनमर्चेज्जन्म-दुःखापहानये।। 17।।**

ॐ ह्रीं श्रीपीठस्थितजिनाय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

(श्लोक क्रं. (17) पढ़कर जिन-प्रतिमाजी को विराजमान करने के बाद अर्घ्य चढ़ावें)

**नत्वा परीत्य निजनेत्रललाटयोश्च,**
**व्याप्तं क्षणेन हरतादघ-सञ्चयं मे।**
**शुद्धोदकं जिनपते! तव पादयोगाद्,**
**भूयाद् भवातपहरं धृतमादरेण।। 18।।**

**मुक्ति-श्री-वनिताकरोदकमिदं पुण्याङ्कुरोत्पादकं,।**
**नागेन्द्र-त्रिदशेन्द्र-चक्रपदवी-राज्याभिषेकोदकम्।**

सम्यग्ज्ञान-चरित्र-दर्शनलता-संवृद्धि-सम्पादकं,।
कीर्तिश्रीजयसाधकं तव जिन! स्नानस्य गन्धोदकम्।। 19।।

ॐ ह्रीं श्रीजिनगन्धोदकं स्वललाटे धारयामि।

(श्लोक क्रं. (19) पढ़कर जिनगन्धोदक ललाट पर लगायें)

इमे नेत्रे जाते सुकृतजलसिक्ते सफलिते।
ममेदं मानुष्यं कृतिजनगणादेयमभवत्।
मदीयाद् भल्लाटादशुभतर-कर्माटनमभूत्।
सदेदृक् पुण्यौघो मम भवतु ते पूजनविधौ।। 20।।

(श्लोक क्रं. (20) पढ़कर पुष्पाञ्जलि छोड़ें)

# जलाभिषेक-पाठ

पं. जसहरराय कृत

दोहा

जय जय भगवंते सदा, मंगल मूल महान।
वीतराग सर्वज्ञ प्रभु, नमौं जोरि जुगपान।।

आडिल्ल

श्रीजिन जग में ऐसो को बुधवंत जू।
जो तुम गुण वरननि करि पावै अंत जू।।
इंद्रादिक सुर, चार ज्ञानधारी मुनी।
कहि न सकै तुम गुणगण हे त्रिभुवनधनी।।

गीता

अनुपम अमित तुम गुणनिवारिधि, ज्यों अलोकाकाश है।
किमि धरैं हम उर कोष में सो अकथ-गुण-मणि-राश है।।
पै निज प्रयोजन सिद्धि की तुम नाम में ही शक्ति है।
यह चित्त में सरधान यातैं नाम ही में भक्ति है।। 1।।

ज्ञानावरणी दर्शन-आवरणी भने।
कर्म मोहनी अंतराय चारों हने।।
लोकालोक विलोक्यो केवलज्ञान में।
इंद्रादिक के मुकुट नये सुरथान में।।

तब इन्द्र जान्यो अवधितैं, उठि सुरन-युत वंदत भयौ।
तुम पुन्य को प्रेर्यो हरी ह्वै मुदित धनपति सौं कह्यौ।।
अब वेगि जाय रचौ समवसृति सफल सुरपद को करौ।
साक्षात् श्री अरहंत के दर्शन करौ कल्मष हरौ।। 2।।

ऐसे वचन सुने सुरपति के धनपती।
चल आयो तत्काल मोद धारै अती।।
वीतराग छवि देखि शब्द जय जय चयौ।
दे प्रदच्छिना बार-बार वंदत भयौ।।

अति भक्ति-भीनो नम्र-चित ह्वै समवशरण रच्यौ सही।
ताकी अनूपम शुभ गती को, कहन समरथ कोउ नहीं।।
प्राकार तोरण सभामंडप कनक मणिमय छाजहीं।
नग-जड़ित गंधकुटी मनोहर मध्यभाग विराजहीं।। 3।।

सिंहासन तामध्य बन्यौ अद्भुत दिपै।
तापर वारिज रच्यो प्रभा दिनकर छिपै।।
तीन छत्र सिर शोभित चौंसठ चमर जी।
महा भक्तिजुत ढोरत हैं तहां अमर जी।।

प्रभु तरन-तारन कमल ऊपर, अन्तरीक्ष विराजिया।
यह वीतराग दशा प्रतच्छ विलोकि भविजन सुख लिया।।
मुनि आदि द्वादश सभा के भवि जीव मस्तक नायकैं।
बहुभाँति बारंबार पूजैं, नमैं गुण-गण गायकैं।। 4।।

परमौदारिक दिव्य देह पावन सही।
क्षुधा तृषा चिंता भय गद दूषण नहीं।।
जन्म जरा मृति अरति शोक विस्मय नसे।
राग रोष निद्रा मद मोह सबै खसे।।

श्रम बिना श्रमजलरहित पावन अमल ज्योति-स्वरूप जी।
शरणागतनिकी अशुचिता हर, करत विमल अनूप जी।।
ऐसे प्रभु की शान्तमुद्रा को न्हवन जलतैं करैं।
'जस' भक्तिवश मन उक्ति तैं हम भानु ढिंग दीपक धरैं।। 5।।

तुम तौ सहज पवित्र यही निश्चय भयो।
तुम पवित्रता हेत नहीं मज्जन ठयो।।
मैं मलीन रागादिक मलतैं ह्वै रह्यो।
महा मलिन तन में वसुविधि-वश दुख सह्यो।।

बीत्यो अनंतो काल यह मेरी अशुचिता ना गई।
तिस अशुचिता-हर एक तुम ही, भरहु वांछा चित ठई।।
अब अष्टकर्म विनाश सब मल रोष-रागादिक हरो।
तनरूप कारागेह तैं उद्धार शिव वासा करो।। 6।।

मैं जानत तुम अष्टकर्म हरि शिव गये।
आवागमन विमुक्त राग-वर्जित भये।।
पर तथापि मेरो मनोरथ पूरत सही।
नय-प्रमान तैं जानि महा साता लही।।

पापाचरण तजि न्हवन करता चित्त में ऐसे धरूं।
साक्षात श्री अरहंत का मानों न्हवन परसन करूं।।
ऐसे विमल परिणाम होते अशुभ नसि शुभबंध तैं।
विधि अशुभ नसि शुभबंध तैं ह्वै शर्म सब विधि नास तैं।। 7।।

पावन मेरे नयन, भये तुम दरस तैं।
पावन पानि भये तुम चरननि परस तैं।।
पावन मन ह्वै गयो तिहारे ध्यान तैं।
पावन रसना मानी, तुम गुण गान तैं।।

पावन भई परजाय मेरी, भयौ मैं पूरण-धनी।
मैं शक्तिपूर्वक भक्ति कीनी, पूर्णभक्ति नहीं बनी।।
धन धन्य ते बड़भागि भवि तिन नींव शिव-घर की धरी।
वर क्षीरसागर आदि जल मणिकुंभ भर भक्ती करी।। 8।।

विघन-सघन-वन-दाहन-दहन-प्रचंड हो।
मोह-महा-तम-दलन प्रबल मारतण्ड हो।।
ब्रह्मा विष्णु महेश, आदि संज्ञा धरो।
जग-विजयी जमराज नाश ताको करो।।

आनन्द कारण दुख-निवारण, परम मंगल-मय सही।
मोसो पतित नहिं और तुमसो, पतित-तार सुन्यौ नहीं।।
चिंतामणी पारस कल्पतरू, एक भव सुखकार ही।
तुम भक्ति-नवका जे चढ़े, ते भये भवदधि पार ही।। 9।।

दोहा

तुम भवदधितैं तरि गये, भये निकल अविकार।
तारतम्य इस भक्ति को, हमैं उतारो पार।। 10।।

# विनय पाठ

इह विधि ठाड़ो होय के, प्रथम पढ़े जो पाठ।
धन्य जिनेश्वर देव तुम, नाशे कर्म जो आठ ॥ १॥

अनंत चतुष्टय के धनी, तुम ही हो सरताज।
मुक्ति वधु के कंत तुम, तीन भुवन के राज ॥ २॥

तिहुँ जग की पीड़ा हरन, भवदधि शोषणहार।
ज्ञायक हो तुम विश्व के, शिव सुख के करतार ॥ ३॥

हरता अघ अँधियार के, करता धर्म प्रकाश।
थिरता पद दातार हो, धरता निजगुण रास ॥ ४॥

धर्मामृत उर जलधि सों, ज्ञानभानु तुम रूप।
तुमरे चरण सरोज को, नावत तिहुँ जग भूप ॥ ५॥

मैं वन्दों जिनदेव को, कर अति निर्मल भाव।
कर्म बन्ध के छेदने, और न कछू उपाव ॥ ६॥

भविजन को भव कूपतैं, तुम ही काढ़नहार।
दीन दयाल अनाथपति, आतम गुण भंडार ॥ ७॥

चिदानन्द निर्मल कियो, धोय कर्म रज मैल।
सरल करी या जगत में, भविजन को शिवगैल ॥ ८॥

तुम पद-पंकज पूजते, विघ्न रोग टर जाय।
शत्रु मित्रता को धरें, विष निरविषता थाय ॥ ९॥

चक्री खगधर इन्द्र पद, मिले आप तैं आप।
अनुक्रम करि शिवपद लहें, नेम सकल हनि पाप ॥ १०॥

तुम बिन मैं व्याकुल भयो, जैसे जल बिन मीन।
जन्म-जरा मेरी हरो, करो मोहि स्वाधीन ॥ ११॥

पतित बहुत पावन किये, गिनती कौन करेव।
अंजन से तारे कुधी, जय जय जय जिनदेव ॥ १२॥

थकी नाव भवदधि विषैं, प्रभु तुम पार करेव।
खेवटिया हो तुम प्रभु, जय जय जय जिनदेव ॥ १३॥

राग सहित जग में रुल्यो, मिले सरागी देव।
वीतराग भेंट्यो अबै, मेटो राग कुटेव ॥ १४॥

कित निगोद कित नारकी, कित तिर्यंच अज्ञान।
आज धन्य मानुष भयो, पायो जिनवर थान ॥ १५॥

तुमको पूजैं सुरपति, अहिपति नरपति देव।
धन्य भाग्य मेरो भयो, करन लग्यो तुम सेव ॥ १६॥

अशरण के तुम शरण हो, निराधार आधार।
मैं डूबत भव सिन्धु में, खेव लगाओ पार ॥ १७॥

इन्द्रादिक गणपति थके, कर विनती भगवान।
अपनो विरद निहारकैं, कीजे आप समान ॥ १८॥

तुमरी नेक सुदृष्टि तैं, जग उतरत है पार।
हा हा डूब्यो जात हों, नेक निहार निकार ॥ १९॥

जो मैं कहहूँ और सों, तो न मिटै उरझार।
मेरी तो तोसों बनी, तातैं करौं पुकार ॥ २०॥

वंदों पाँचों परमगुरु, सुरगुरु वंदत जास।
विघन हरन मंगल करन, पूरन परम प्रकाश ॥ २१॥

चौबीसों जिनपद नमों, नमों शारदा माय।
शिवमग साधक साधु 'नमि', रच्यो पाठ सुखदाय ॥ २२॥

मंगल मूरत परम पद, पंच धरो नित ध्यान।
हरो अमंगल विश्व का, मंगलमय भगवान ॥ २३॥

मंगल जिनवर पद नमों, मंगल अर्हन्त देव।
मंगलकारी सिद्ध पद, सो वन्दों स्वयमेव ॥ २४॥

मंगल आचारज मुनि, मंगल गुरु उवझाय।
सर्व साधु मंगल करो, वन्दों मन वच काय ॥ २५॥

मंगल सरस्वती मात का, मंगल जिनवर धर्म।
मंगलमय मंगलकरो, हरो असाता कर्म ॥ २६॥

या विधि मंगल से सदा, जग में मंगल होत।
मंगल 'नाथूराम' यह, भवसागर दृढ़-पोत ॥ २७॥

॥ पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि ॥

# नित्य पूजा पीठिका

**ॐ जय जय जय ! नमोस्तु नमोस्तु नमोस्तु**

**णमो अरिहंताणं, णमो सिद्धाणं, णमो आयरियाणं**
**णमो उवज्झायाणं, णमो लोए सव्वसाहूणं ॥**

ॐ ह्रीं अनादिमूलमन्त्रेभ्यो नमः (पुष्पांजलि क्षेपण करना)

**चत्तारि मंगलं-अरिहंता मंगलं, सिद्धा मंगलं, साहू मंगलं, केवलिपण्णतो, धम्मो मंगलं । चत्तारि-लोगुत्तमा, अरिहंता लोगुत्तमा, सिद्धा लोगुत्तमा, साहूलोगुत्तमा, केवलिपण्णतो धम्मो लोगुत्तमा । चत्तारि सरणं पव्वज्जामि-अरिहंते सरणं पव्वज्जामि, सिद्धे सरणं पव्वज्जामि, साहू सरणं पव्वज्जामि, केवलिपण्णत्तं धम्मं सरणं पव्वज्जामि ॥**

**ॐ नमो अर्हते स्वाहा** (पुष्पांज्जलिं क्षिपामि)

**अपवित्रः पवित्रो वा, सुस्थितो दुःस्थितोपि वा ।**
**ध्यायेत्पन्चनमस्कारं, सर्वपापैः प्रमुच्यते ॥१॥**
**अपवित्रः पवित्रो वा, सर्वावस्थाङ्गतो:पिवा ।**
**यः स्मरेत्परमात्मनां स बाह्याभ्यन्तरे शुचिः ॥२॥**
**अपराजित-मन्त्रोः यं सर्वविघ्न-विनाशनः ।**
**मंगलेषु च सर्वेषु प्रथमं मंगलं मतः ॥३॥**
**एसो पंच णमोयारो सव्वपावप्पणासणो ।**
**मंगलाणं च सव्वेसिं, पढमं होई मंगलं ॥४॥**
**अर्हमित्यक्षरं ब्रह्म-वाचकं परमेष्ठिनः ।**
**सिद्धचक्रस्य सद्बीजं, सर्वतः प्रणमाम्यहं ॥५॥**
**कर्माष्टकविनिर्मुक्तं, मोक्षलक्ष्मी - निकेतनं ।**
**सम्यक्त्वादिगुणोपेतं, सिद्धचक्रं नमाम्यहं ॥६॥**
**विघ्नौघाः प्रलयं यान्ति शाकिनी-भूतपन्नगाः ।**
**विषं निर्विषतां याति स्तूयमाने जिनेश्वरे ॥७॥**

(यहाँ पुष्पांजलि क्षेपण करना चाहिये)

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्, चरुसुदीपसुधूप - फलार्घकैः।
धवल-मंगलगान-रवाकुले, जिनगृहे जिननाथमहं यजे॥

**ओं ह्रीं श्रीअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।**

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्, चरुसुदीपसुधूप - फलार्घकैः।
धवल-मंगलगान-रवाकुले, जिनगृहे कल्याणमहं यजे ॥

**ओं ह्रीं भगवतोगर्भजन्मतपज्ञाननिर्वाणपंचकल्याणकेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।**

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्, चरुसुदीपसुधूप - फलार्घकैः।
धवल-मंगलगान-रवाकुले, जिनगृहे जिननाम यजामहे ॥

**ओं ह्रीं श्री जिनभगवतोऽष्टोत्तरसहस्रनामभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।**

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्, चरुसुदीपसुधूप - फलार्घकैः।
धवल-मंगलगान-रवाकुले, जिनगृहे जिनसूत्रमहं यजे ॥

**ओं ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्राणिमोक्षमार्गः इत्यादिः तत्त्वार्थसूत्रस्थ दशाध्यायेभ्यः समस्तजिनसूत्रेभ्यश्चार्घं निर्वपामीति स्वाहा।**

उदकचन्दनतण्डुलपुष्पकैश्, चरुसुदीपसुधूप - फलार्घकैः।
धवल-मंगलगान-रवाकुले, जिनगृहे मुनिराजमहं यजे ॥

**ओं ह्रीं त्रिसंख्योननवकोटिसर्वमुनीन्द्रेभ्योऽर्घं निर्वपामीति स्वाहा।**

## पूजाप्रतिज्ञा

श्रीमज्जिनेन्द्रमभिवन्द्य जगत्त्रयेशं, स्याद्वाद-नायक-मनन्त, चतुष्टयार्हम्।
श्रीमूलसङ्घ - सुदृशां सुकृतैक - हेतु, जैनेन्द्रयज्ञविधिरेष मयाभ्यधायि ॥१ ॥
स्वस्ति त्रिलोक-गुरवे जिन-पुङ्गवाय, स्वस्ति स्वभाव-महिमोदय-सुस्थिताय।
स्वस्ति प्रकाश-सहजोर्जित दृङ्.मयाय, स्वस्ति प्रसन्नललिताद्भुत-वैभवाय ॥२ ॥
स्वस्त्युच्छलद् - विमलबोध-सुधाप्लवाय, स्वस्ति स्वभाव-परभाव-विभासकाय।
स्वस्ति त्रिलोकविततैकचिदुद्गमाय, स्वस्ति त्रिकाल-सकलायत-विस्तृताय ॥३ ॥
द्रव्यस्य शुद्धिमधिगम्य यथानुरूपं, भावस्य शुद्धिमधिकामधि - गन्तुकामः।
आलम्बनानि विविधान्यवलम्ब्य वल्गन्, भूतार्थयज्ञ - पुरुषस्य करोमि यज्ञम् ॥४ ॥
अर्हत् - पुराण पुरुषोत्तम - पावनानि, वस्तून्यनूनमखिलान्ययमेक एव।
अस्मिञ् - ज्वलद् - विमलकेवलबोधवह्नौ, पुण्यं समग्र-मह-मेक-मना जुहोमि ॥५ ॥

ओं ह्रीं विधियज्ञप्रतिज्ञायै जिनप्रतिमाग्रे पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि।

## स्वस्ति मंगलपाठ

**श्री वृषभो नः स्वस्ति, स्वस्ति श्री अजितः।**
**श्री संभवः स्वस्ति, स्वस्ति श्री अभिनन्दनः।**
**श्री सुमतिः स्वस्ति, स्वस्ति श्री पद्मप्रभः।**

श्री सुपार्श्वः स्वस्ति, स्वस्ति श्री चन्द्रप्रभः।
श्री पुष्पदन्तः स्वस्ति, स्वस्ति श्री शीतलः।
श्री श्रेयान् स्वस्ति, स्वस्ति श्री वासुपूज्यः।
श्री विमलः स्वस्ति, स्वस्ति श्री अनन्तः।
श्री धर्मः स्वस्ति, स्वस्ति श्री शान्तिः।
श्री कुन्थुः स्वस्ति, स्वस्ति श्री अरनाथः।
श्री मल्लिः स्वस्ति, स्वस्ति श्री सुव्रतः।
श्री नमिः स्वस्ति, स्वस्ति श्री नेमिः।
श्री पार्श्वः स्वस्ति, स्वस्ति श्री वर्द्धमानः।

॥ पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि ॥

## परमर्षि स्वस्ति मंगल पाठ

नित्याप्रकम्पाद्भुत - केवलौघाः, स्फुरन्मनःपर्ययशुद्धबोधाः।
दिव्यावधिज्ञानबलप्रबोधाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ॥१॥
कोष्ठस्थ-धान्योपममेकबीजं, संभिन्न-संश्रोतृ-पदानुसारि।
चतुर्विधं बुद्धिबलं दधानाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ॥२॥
संस्पर्शनं संश्रवणं च दूरा-, दास्वादन-घ्राण-विलोकनानि।
दिव्यान् मतिज्ञानबलाद्वहन्तः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ॥३॥
प्रज्ञा-प्रधानाः श्रमणाः समृद्धाः, प्रत्येक-बुद्धा दशसर्वपूर्वैः।
प्रवादिनोऽष्टांगनिमित्तविज्ञाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ॥४॥
जङ्घानलश्रेणिफलाम्बुतन्तु, - प्रसून-बीजाङ्कुर - चारणाह्वाः।
नभोङ्गण-स्वैरविहारिणश्च, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ॥५॥
अणिम्नि दक्षाः कुशला महिम्नि, लघिम्नि शक्ताः कृतिनो गरिम्णि।
मनोवपुर्वाग्बलिनश्च नित्यं, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ॥६॥
सकाम-रूपित्व-वशित्वमैश्यं, प्राकाम्यमन्तर्द्धिमथाप्तिमाप्ताः।
तथाऽप्रतीघातगुणप्रधानाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ॥७॥
दीप्तं च तप्तं च तथा महोग्रं, घोरं तपो घोरपराक्रमस्थाः।
ब्रह्मापरं घोरगुणं चरन्तः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ॥८॥
आमर्ष-सर्वौषधयस्तथाशी, र्विषाविषा दृष्टिविषाविषाश्च।
सखेलविड्जल्लमलौषधीशाः, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ॥९॥
क्षीरं स्रवन्तोऽत्र घृतं स्रवन्तो, मधुस्रवन्तोऽप्यमृतं स्रवन्तः।
अक्षीण-संवासमहानसाश्च, स्वस्ति क्रियासुः परमर्षयो नः ॥१०॥

॥ इति परमर्षिस्वस्तिमंगलविधानं परिपुष्पाञ्जलिं क्षिपामि ॥

# समुच्चय नवदेव भरत-विदेहक्षेत्र तीर्थंकर पूजा

**ज्ञानोदय छंद**

अर्हत् सिद्ध सूरि पाठक मुनि, धर्म शास्त्र जिन चैत्य यजूँ,
चैत्य भवन त्रिभुवन के वन्दूँ, तीर्थंकर वृषभादि भजूँ।
विदेह के विंशति तीर्थंकर, सर्व सिद्ध उर में आओ,
केवल दर्शन ज्ञान वीर्य सुख, मेरे मुझे दिखा जाओ ॥
भक्त पूज्य बनने को आया, पूज्यों की पूजा करने,
मोह और अज्ञान तिमिर को, वीतरागता से हरने।
हे नवदेव! बसो मन मेरे, श्रद्धा दीप जला जाओ,
भरतैरावत विदेह के जिन, मेरे हृदय समा जाओ ॥

**ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूह !अत्र अवतर2 संवौषट् इति आह्वाननम्! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्! अत्र मम सन्निहितो भव-भव वषट् सन्निधीकरणम्!**

जन्म मरण के जरा रोग के, भव भव में दुख पाये हैं,
देह बन्धुजन काम न आये, जिनको अश्रु बहाये हैं।
स्वाश्रित सुख को भक्ति नीर ले, अरहंतादिक गुण गाऊँ,
विदेह के तीर्थंकर वन्दूँ, अनन्त सिद्धों को ध्याऊँ ॥

**ओंह्रींअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय- वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूहाय जन्मजरामृत्युविनाशनाय जलंनिर्वपामीति स्वाहा।**

अशरण जग में शरण खोजता, नहीं पंच गुरु शरणा ली,
गुरु शरणा बिन कौन पिलाये, समता रस की शुचि प्याली।
शान्ति प्राप्ति को साम्य गन्ध ले, अरहंतादिक गुण गाऊँ,
विदेह के तीर्थंकर वन्दूँ, अनन्त सिद्धों को ध्याऊँ ॥

**ओंह्रींअर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूहाय संसारतापविनाशनाय चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।**

दुखमय इस संसार विपिन में, भटक भटक कर हार चुका,
चारों गतियों में दुख पाये, प्रभो! मिला ना सुख निज का।
निज सुख पाने व्रत अक्षत ले, अरहंतादिक गुण गाऊँ,
विदेह के तीर्थंकर वन्दूँ, अनन्त सिद्धों को ध्याऊँ ॥

**ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूहाय अक्षयपदप्राप्तये अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।**

अल्प सुखों की तृप्ति हेतु जिन! मदकारक जो पेय पिये,
उसे त्यागने आया भगवन्, अजर अमरता ध्येय लिये।
स्वभाव पाने शील सुमन ले, अरहंतादिक गुण गाऊँ,
विदेह के तीर्थंकर वन्दूँ, अनन्त सिद्धों को ध्याऊँ ॥

**ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूहाय कामबाणविनाशनाय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।**

चारित्र जल से कषाय मल को, धोकर शुचितम बन जाऊँ,
प्रभो! योग की प्रवृत्ति रोकूँ, समिति गुप्तियाँ मन लाऊँ।
क्षुधा नाशने अनशन चरु ले, अरहंतादिक गुण गाऊँ,
विदेह के तीर्थंकर वन्दूँ, अनन्त सिद्धों को ध्याऊँ ॥

**ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूहाय क्षुधारोगविनाशनाय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।**

रत्नत्रय का शुचि दीपक हो, त्याग तपस्या की बाती,
जिसमें दिखें आत्मा के गुण, ऐसा जिनवाणी गाती।
वह शुचि तप पाने दीपक ले, अरहंतादिक गुण गाऊँ,
विदेह के तीर्थंकर वन्दूँ, अनन्त सिद्धों को ध्याऊँ ॥

**ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूहाय मोहान्धकारविनाशनाय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।**

ऐसा स्थान समय नहिं जिसमें, जन्म मरण कर नहिं पाया,
तीन लोक में भ्रमा अकेला, निज स्वभाव में नहिं आया।
सिद्धलोक पाने सुधूप ले, अरहंतादिक गुण गाऊँ,
विदेह के तीर्थंकर वन्दूँ, अनन्त सिद्धों को ध्याऊँ ॥

**ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूहाय अष्टकर्मदहनाय धूपं निर्वपामीति ।**

एकेन्द्रिय से पंचेन्द्रिय बन, अनेक भव में मनुज बने,
पर सम्यक्त्व ज्ञान चारित्र को, पाने को नहिं सहज जने।
समाधि पाने तप का फल ले, अरहंतादिक गुण गाऊँ,
विदेह के तीर्थंकर वन्दूँ, अनन्त सिद्धों को ध्याऊँ ॥

**ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूहाय मोक्षफलप्राप्तये फलं निर्वपामीति ।**

धर्म दया मय रत्नत्रय मय, ऐसा धर्म न धारा है,
तभी मुझे संसार दुखों से, मिला न मोक्ष किनारा है।
बोधि लाभ का भाव अर्घ ले, अरहंतादिक गुण गाऊँ,
विदेह के तीर्थंकर वन्दूँ, अनन्त सिद्धों को ध्याऊँ ॥

**ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूहाय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति ।**

## यशोगान ( ज्ञानोदय छन्द ) ( जयमाला )

**तर्ज- नाम तिहारा तारणहारा..................................।**

अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है,
वीतरागता के दर्पण में, आतम दर्शन करना है।

जिन परमातम बनना है ॥ध्रुव॥

**वीतराग सर्वज्ञ हितंकर, तीन गुणों से शोभित हैं,**
**भव्य जीव जिन के दर्शन कर, निसर्गता से बोधित हैं।**
**समवसरण में अरहंतों के, हमको प्रवचन सुनना है,**
**अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है॥1॥**

ढाईद्वीप के अरिहंतों में, सब तीर्थंकर को वन्दूँ,
त्रिकाल चौबीसी भारत की, विदेह की बीसी वन्दूँ।
जिनने मोक्ष मार्ग दर्शाया, उनका पथ अनुसरणा है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है।।2।।

सीमन्धर आदिक तीर्थंकर, आज विदेहों में विहरें,
भरत क्षेत्र से पूजन करते, हम भक्तों के पाप हरें।
विदेह क्षेत्रों में जा मुझको, जिनवर दर्शन करना है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है।।3।।

अष्ट कर्म के क्षय से पायी, अष्ट गुणों की फुलवारी,
सदा सर्वथा एक रूप ही, गुण अनंत महके भारी।
एकमेक रहते इक थल में, उनका सुमरण करना है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है।।4।।

सिद्ध लोक में बसने वाले, अनन्त सिद्धों को वन्दूँ,
शीघ्र मिले सिद्धों की बस्ती, पद चिन्हों को अभिनन्दूँ।
सिद्धों की श्रेणी में आने, उनके पथ पर चलना है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है।।5।।

श्रेष्ठ गुणों के ज्येष्ठ गुणों के, रहें गणीश्वर अधिकारी,
दीक्षा शिक्षा दंड प्रदाता, सहनशील समता धारी।
संयत मन वच तन हैं जिनके, उनकी पूजा करना है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है।।6।।

घोर-घोर अज्ञान तिमिर में, भटक रहे भवि सभ्यों को,
सम्यग्ज्ञान ज्योति देते हैं, उपाध्याय मुनि भव्यों को।
अघ तम से अब बचने हमको, ज्ञान दीप अनुसरणा है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है।।7।।

सर्व काल में सर्व देश में, करें साधना इक जैसी,
सर्व साधु तब कहलाते हैं, मुद्रा जिनेन्द्र प्रभु तैसी।
ऐसे रत्नत्रय साधक की, हमको सेवा करना है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है॥8॥
धर्म स्वर्ग-अपवर्ग प्रदाता, नर पशु गति दुख दूर करे,
पंच पाप से यही बचाता, सुर शिव सुख भरपूर भरे,।
क्षमा आदि जिनधर्म तीर्थ में, निजको शुचितम करना है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है॥9॥
द्वादशांग अनुयोग चतुर्विध, सप्त तत्त्व षड् द्रव्य जहाँ,
नव पदार्थ पंचास्तिकाय का, वर्णन करता शास्त्र महाँ।
जैनागम की शुचि सरिता में, राग द्वेष परिहरना है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है॥10॥
तीन लोक में अगणित प्रतिमा, पद्मासन में वैरागी,
अस्त्र शस्त्र से रहित दिगम्बर, शांत निराकुल नीरागी।
धनुष पाँच शत ऊँचाई में, उन जिनवर को नमना है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, पूजा अर्चा करना है॥11॥
कृत्रिम और अकृत्रिम दो विध, अनगिन चैत्यालय सारे,
स्वर्ण रजत आदिक से निर्मित, अनुपम द्योतित उजयारे।
जैन धर्म की ध्वजा रूप में, जिन चैत्यालय भजना है,
अरहंतादिक विदेह जिन की, 'मृदु'बन अर्चा करना है॥12॥

ओं ह्रीं अर्हत्सिद्धाचार्योपाध्यायसर्वसाधुजिनधर्मजिनागमजिनचैत्यचैत्यालय-वृषभादिसीमन्धरादिसर्वतीर्थंकरसिद्धसमूहाय अनर्घ पद प्राप्तये पूर्णार्घं निर्वपामीति।

नवदेवों के साथ ही, त्रिकाल के तीर्थेश।
विदेह के तीर्थेश भज, नमूँ सिद्ध परमेश॥

।इति शुभं भूयात्।

**भूत भविष्यत वर्तमान की तीस चौबीसी मैं ध्याऊँ,**
**चैत्य चैत्यालय कृत्रिमाकृत्रिम तीन लोक के मन लाऊँ।**

ॐ ह्रीं त्रिकालसम्बन्धित्रिलोकसम्बन्धिविंशत्यधिकसप्तशतजिनेभ्य: कृत्रिमा कृत्रिम चैत्यालयेभ्यश्च अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

**चैत्य भक्ति आलोचन चाहूं, कायोत्सर्ग अघ नाशन हेत।**
**कृत्रिमा-कृत्रिम तीन लोक के राजत हैं जिन बिम्ब अनेक।।**
**चतुर निकाय के देव जजें ले अष्ट द्रव्य निज भक्ति समेत।**
**निज शक्ति अनुसार जजूं मैं, कर समाधि पाऊँ शिवखेत।।**

ॐ ह्रीं कृत्रिमाकृत्रिमचैत्यालयसम्बन्धिजिनबिम्बेभ्योऽर्घ्यं निर्व.।

**पूर्व मध्य अपराह्न की बेला, पूर्वाचार्यों के अनुसार।**
**देव वन्दना करूं भाव से सकल कर्म की नाशन हार।।**
**पंच महागुरु सुमरन करके, कायोत्सर्ग करूं सुखकार।**
**सहज स्वभाव शुद्ध लख अपना जाऊँगा अब मैं भव पार।।**

पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत् (कार्यात्सर्ग)

**षोडश कारण भावन भाऊँ, दश लक्षण हिरदय धारूँ।**
**सम्यक् रत्नत्रय गहि करके, अष्ट कर्म वन को जारूँ।।**

ॐ ह्रीं षोडशकारणभावना दशलक्षण धर्मसम्यक्रत्नत्रयेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

**श्री कैलाशपुरी पावा चम्पा, गिरनार सम्मेद जजूं।**
**तीरथ सिद्धक्षेत्र अतिशय श्री चौबीसों जिनराज भजूं।।**

ॐ ह्रीं चतुर्विंशतितीर्थङ्करेभ्य: सिद्धक्षेत्रातिशयक्षेत्रेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

# अर्घ्यावली

## समुच्चय चौबीसी भगवान्

**जल फल आठों शुचिसार ताको अर्घ करों,**
**तुमको अरपों भवतार, भवतरि मोक्ष वरों।**
**चौबीसों श्रीजिनचंद, आनन्दकंद सही,**
**पद जजत हरत भव फंद, पावत मोक्ष मही।।**

ॐ ह्रीं श्रीवृषभादिवीरान्तचतुर्विंशतितीर्थं करेभ्यो अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्व.।

### श्री आदिनाथ भगवान्

शुचि निर्मल नीरं गंध सुअक्षत, पुष्प चरु ले मन हरषाय,
दीप धूप फल अर्घ सुलेकर, नाचत ताल मृदंग बजाय।
श्री आदिनाथ के चरण कमल पर, बलि बलि जाऊँ मन वच काय,
हे करुणानिधि भव दुख मेटो, यातैं मैं पूजों प्रभु पायँ।।

ॐ ह्रीं श्रीआदिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

### श्री चन्द्रप्रभ भगवान्

सजि आठों दरब पुनीत, आठों अंग नमों।
पूजों अष्टम जिन मीत, अष्टम अवनि गमों।
श्री चन्द्रनाथ दुति चन्द, चरनन चंद लगै।
मन-वच-तन जजत अमंद, आतमजोति जगै।।

ॐ ह्रीं श्रीचन्द्रप्रभजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

### श्री शान्तिनाथ भगवान्

वसु द्रव्य सँवारी, तुम ढिंग धारी, आनन्दकारी दृग प्यारी।
तुम हो भवतारी, करुणाधारी, यातै थारी शरनारी
श्री शान्ति-जिनेशं, नुतशक्रेशं, वृषचक्रेशं, चक्रेशं।
हनि अरि-चक्रेशं हे गुनधेशं दयामृतेशं मक्रेशं।।

ॐ ह्रीं श्रीशान्तिनाथ जिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

### श्रीपार्श्वनाथ भगवान्

नीर गन्ध अक्षतान् पुष्प चरु ललिये।
दीप-धूप-श्रीफलादि अर्घ तें जजीजिये।।
पार्श्वनाथ देव सेव आपकी करूँ सदा।
दीजिये निवास मोक्ष, भूलिये नहीं कदा।।

ॐ ह्रीं श्रीपार्श्वनाथजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

### श्री महावीर भगवान्

जल फल वसु सजि हिम थार, तन मन मोद धरों।
गुण गाऊँ भवदधि तार, पूजत पाप हरों।।
श्री वीर महा अतिवीर सन्मति नायक हो।
जय वर्द्धमान गुणधीर सन्मतिदायक हो।।

ॐ ह्रीं श्रीवर्द्धमानजिनेन्द्राय अनर्घपदप्राप्तये अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

# विधान प्रस्तावना

अनुष्टुप् छंदः

षोडशतम–तीर्थेशं, शान्तिनाथजिनेश्वरं ।
विशुद्ध्यर्थं मुदा नौमि,कुरुवंशस्य गौरवं ॥१ ॥
महातिशयसंपन्नः प्राप्तोऽनंतचतुष्टयः।
प्रातिहार्यैश्च–संयुक्तो, गणराजैः प्रवन्दितः ॥२ ॥
मुनिमुख्यः सुधासिन्धुः, वर्षायोगे विराजितः।
तत्प्रसादात् महातीर्थं, सूदितं च विनिर्मितं।।३।।
सुदर्शनोदये तीर्थे, शान्तिनाथजिनेश्वरः।
शान्तिनाथमहादेवो,महातिशयकारकः॥४॥
भक्तामरमहास्तोत्रे,गुणरूपेण तिष्ठति ।
पंचकं वलयं कृत्वा, वन्दे शान्तिजिनेश्वरं ॥५ ॥
सुधाब्धिभिश्च यो वन्द्यो,महानिष्कंपसिन्धुकैः।
गंभीरधैर्यकैर्वन्द्यः, शान्तिनाथं नमामि तं ॥६ ॥
मनसा वचसा कायैः,भव्याःकुर्वन्तु पूजनं ।
श्रीशान्तिनाथतीर्थेशः,तुभ्यं दद्यात् सुवाञ्छितं ॥७ ॥

।। इति प्रस्तावना ।।

।। पुष्पाञ्जलिं क्षिपेत्।।

## शान्तिप्रदाताभक्तामरस्तोत्रश्रीशान्तिनाथविधान

उपजातिछन्दः

तर्ज – संपूजकानां प्रतिपालकानां ................।
भक्तामरस्थं जिनशान्तिनाथं, कल्याणयुक्तं हृदये दधामि ।
हे भव्यबन्धो !तव भक्तियोगात्,संसारदुःखं खलु नाशयामि ॥

**ओं ह्रीं श्रीं श्लीं झ्रीं क्रौं सर्वगुणप्राप्त सर्वदोषनिवारक हृदयस्थित महातिशयकर बीजाक्षर सम्पन्न, आवाँसुदर्शनोदयतीर्थक्षेत्रस्थितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठःठःस्थापनम्! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्!**

यो जन्महीनो जरसा विहीनो, मृत्युप्रहीणो भयदोषहीनः।
तं देवदेवं जिनशान्तिनाथं, भक्तामरस्थं सलिलै-र्यजामि ॥

**ओं ह्रीं श्रीं क्ष्मीं झ्रीं क्रौं सर्वगुणप्राप्तये जिनशान्तिनाथं हृदयस्थिताय महातिशयकराय बीजाक्षर सम्पन्न आवाँसुदर्शनोदयतीर्थक्षेत्रस्थितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय जलं निर्व.।**

यः स्वास्थ्ययुक्तः शिवसौख्ययुक्तः कषायमुक्तः स्थिरभावयुक्तः।
तं त्यक्तचक्रं जिनशान्तिनाथं भक्तामरस्थं प्रयजे सुगन्धैः॥

**ओं ह्रीं श्रीं क्ष्मीं झ्रीं क्रौं सर्वगुणप्राप्तये सर्वदोषनिवारकाय हृदयस्थिताय महातिशयकराय बीजाक्षर सम्पन्न आवाँसुदर्शनोदयतीर्थक्षेत्रस्थितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय चंदनं निर्व.।**

यो शोकमुक्तो रतिरागरिक्तो, निद्राविमुक्तो मददोषमुक्तः।
तं वीतरागं जिनशान्तिनाथं भक्तामरस्थं प्रयजेऽक्षतौघैः।।

**ओं ह्रीं श्रीं क्ष्मीं झ्रीं क्रौं सर्वगुणप्राप्तये सर्वदोषनिवारकाय हृदयस्थिताय महातिशयकराय बीजाक्षर सम्पन्न आवाँसुदर्शनोदयतीर्थक्षेत्रस्थितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अक्षतं निर्व.।**

मोहारिजेता मदनारिजेता, तीर्थप्रणेता वसुकर्मभेत्ता।
यस्तं मुनीन्द्रं जिनशान्तिनाथं, भक्तामरस्थं कुसुमैर्यजामि।।

**ओं ह्रीं श्रीं क्ष्मीं झ्रीं क्रौं सर्वगुणप्राप्तये सर्वदोषनिवारकाय हृदयस्थिताय महातिशयकराय बीजाक्षर सम्पन्न आवाँसुदर्शनोदयतीर्थक्षेत्रस्थितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय पुष्पं निर्व.।**

येनोपवासैर्विजितं क्षुधार्त्तिं, शुद्धात्मपानैर्विजितं तृषार्त्तिं।
तं लोकनाथं कुरुवंशचन्द्रं, भक्तामरस्थं चरुभिर्यजामि।।

**ओं ह्रीं श्रीं क्ष्मीं झ्रीं क्रौं सर्वगुणप्राप्तये सर्वदोषनिवारकाय हृदयस्थिताय महातिशयकराय बीजाक्षर सम्पन्न आवाँसुदर्शनोदयतीर्थक्षेत्रस्थितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय नैवेद्यं निर्व.।**

आनन्त्यदृग्ज्ञानसुखप्रवीर्यं, चतुष्करूपं गुणमस्ति यस्य।
तं शक्रवन्द्यं जिनशान्तिनाथं, भक्तामरस्थं प्रयजे सुदीपैः।।

**ओं ह्रीं श्रीं क्ष्मीं झ्रीं क्रौं सर्वगुणप्राप्तये सर्वदोषनिवारकाय हृदयस्थिताय महातिशयकराय बीजाक्षर सम्पन्न आवाँसुदर्शनोदयतीर्थक्षेत्रस्थितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय दीपं निर्व.।**

उद्वेगसंविस्मयदोषमुक्तं, स्वेदैर्विमुक्तं गदखेदमुक्तं।
चिन्ताविमुक्तं जिनशान्तिनाथं, भक्तामरस्थं प्रयजे सुधूपैः।।

**ओं ह्रीं श्रीं क्ष्मीं झ्रीं क्रौं सर्वगुणप्राप्तये सर्वदोषनिवारकाय हृदयस्थिताय महातिशयकराय बीजाक्षर सम्पन्न आवाँसुदर्शनोदयतीर्थक्षेत्रस्थितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय धूपं निर्व.।**

निर्दोषदेवं हितदर्शकं च, संगै-र्विमुक्तं जिनपं प्रबुद्धं।
श्रीकामदेवं जिनशान्तिनाथं, भक्तामरस्थं प्रयजे फलौघैः।।

**ओं ह्रीं श्रीं श्रीं ह्रीं क्रौं सर्वगुणप्राप्तये सर्वदोषनिवारकाय हृदयस्थिताय महातिशयकराय बीजाक्षर सम्पन्न आवाँसुदर्शनोदयतीर्थक्षेत्रस्थितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय फलं निर्व.।**

विद्याब्धिवन्द्यं मुनिपुंगवश्री, -सुधाब्धिवन्द्यं मुनिसंघवन्द्यं।
श्रीतीर्थनाथं जिनशान्तिनाथं, भक्तामरस्थं प्रमहामि सार्घैः।।

**ओं ह्रीं श्रीं श्रीं ह्रीं क्रौं सर्वगुणप्राप्तये सर्वदोषनिवारकाय हृदयस्थिताय महातिशयकराय बीजाक्षर सम्पन्न आवाँसुदर्शनोदयतीर्थक्षेत्रस्थितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं निर्व.।**

## पंचकल्याणक अर्घ - दोहा

ऐरा माँ के गर्भ में, आये शान्तिकुमार।
गर्भ भाद्र कलि सप्तमी, विश्वसेन पितु द्वार ॥

ओं ह्रीं भाद्रपदकृष्णसप्तम्यां गर्भकल्याणमण्डितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं।

कृष्ण चतुर्दशी ज्येष्ठ की, जन्मे शान्ति कुमार।
शान्ति हुई त्रय लोक में, हुये मंगलाचार ॥

ओं ह्रीं श्रीं ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां जन्मकल्याणमण्डितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं।

कृष्ण चतुर्दशी ज्येष्ठ की, दीक्षित हों नृपराज।
बाह्याभ्यन्तर तप तपें, शान्तिनाथ मुनिराज ॥

ओं ह्रीं श्रीं ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां तपःकल्याणमण्डितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं।

शुक्ला दशमी पौष की, प्रकटा केवलज्ञान।
जो गुण हैं अरिहन्त के, उनका यह गुणगान ॥

ओं ह्रीं ह्रीं पौषशुक्लदशम्यां ज्ञानकल्याणमण्डितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं।

कृष्ण चतुर्दशी ज्येष्ठ की, सम्मेदाचल थान।
चउ अघाति विधि नष्ट कर, पाया पद निर्वाण ॥

ओं ह्रीं क्रौं ज्येष्ठकृष्णचतुर्दश्यां मोक्षकल्याणमण्डितश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय अर्घं।

## प्रथम वलय अर्घ प्रारम्भ

भक्तामर-प्रणत मौलि-मणि-प्रभाणा-,
मुद्योतकं-दलित-पाप-तमो-वितानम्।
सम्यक्-प्रणम्य-जिन-पाद-युगं-युगादा-,
वालम्बनं-भवजले-पततां-जनानाम्।। 1।।

*हे जिनदेव! आपके पद युग, फैले अघ तम को हरते।*
*भक्त सुरों के नत मुकुटों की, रत्न कान्ति ज्योतित करते ॥*
*युगादि में भव जल पतितों को, ऊपर उठने हाथ रहे।*
*ऐसे जिनेन्द्र तीर्थंकर के, पद में यह नत माथ रहे॥१॥*

**ॐ ह्रीं विश्वविघ्नहराय ह्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

यः संस्तुतः सकल-वाङ्मय-तत्त्व-बोधा-,
दुद्भूत-बुद्धि-पटुभिः सुर-लोक-नाथैः।
स्तोत्रै र्जगत्-त्रितय-चित्त-हरै-रुदारैः,
स्तोष्ये किलाह-मपि तं प्रथमं जिनेन्द्रम्।। 2।।

*सकल शास्त्र के तत्त्व बोध से, चतुर बुद्धि इन्द्रों द्वारा।*
*त्रिभुवन मनहर विशाल थुति से, जो संस्तुत जिन गुण द्वारा ॥*
*उन्हीं प्रथम जिन की स्तुति करने, मैं भी अब संकल्प करूँ।*
*जिन संस्तुति का लक्ष्य यही है, चारों गति के दुःख हरूँ ॥२॥*

**ॐ ह्रीं नानामरसंस्तुताय सकलरोगहराय ह्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीशान्तिनाथायार्घं**

बुद्ध्या विनापि विबुधार्चित-पाद-पीठ,
स्तोतुं समुद्यत-मति-र्विगत-त्रपोऽहम्।
बालं विहाय जल-संस्थित-मिन्दु-बिम्ब-,
मन्यः क इच्छति जनः सहसा ग्रहीतुम्।। 3।।

*जल में स्थित शशि बिम्ब पकड़ने,इच्छुक बालक, नहिं मतिमान।*
*त्यों प्रभु की स्तुति करने उद्यत, लाज छोड़कर मैं बिन ज्ञान ॥*

*विबुध वन्द्य पद आसन जिनका, ऐसे तीर्थंकर भगवान।*
*जिनकी स्तुति से कट जाते हैं, भव भव के सन्ताप महान ॥३॥*

**ॐ ह्रीं मत्यादिसुज्ञानप्रकाशनाय ह्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीशान्तिनाथायार्घं**

वक्तुं गुणान् गुण-समुद्र! शशाङ्क-कान्तान्,
कस्ते क्षमः सुरगुरु-प्रतिमोऽपि बुद्ध्या।
कल्पान्त-काल-पवनोद्धत-नक्र-चक्रं,
को वा तरीतु-मल-मम्बुनिधिं भुजाभ्याम्।। 4।।

*गुण के समुद्र हे तीर्थंकर!, शशि सम उज्ज्वल गुण तेरे।*
*जिन्हें बुद्धि से सुरगुरु सम भी, कह न सके गुण बहु तेरे ॥*
*प्रलय काल के वायु प्रताड़ित, मच्छ समूह उभर आये।*
*उस समुद्र को भुजबल द्वारा, कौन तैर कर तट पाये ॥४॥*

**ॐ ह्रीं नानादु:खसमुद्रतरणाय ह्रीं महाबीजाक्षर-सहिताय हृदयस्थिताय श्रीशान्तिनाथायार्घं**

**(प्रथम वलय का)**

**महार्घ**

प्रथमे वलये पूज्यं, तीर्थेशं शान्तिनायकं
भक्तामरस्थजैनेन्द्रं, ओं ह्रीं बीजेन संयजे।।

**ओं ह्रीं रत्नत्रयप्राप्तये ह्रीं बीजाक्षरसहितभक्तामरस्थप्रथमवलयस्थित श्रीशान्तिनाथाय महार्घं।**

**जाप**

**ॐ ह्रीं श्रीं भ्रीं झ्रीं क्रौं रक्ष-रक्ष सर्वरोगनिवारकसर्वार्थसिद्धिदायकशान्तिनाथाय नमः**

**(9 जाप)**

## द्वितीय वलय प्रारम्भ

सोऽहं तथापि तव भक्ति-वशान् मुनीश!
कर्तुं स्तवं विगत-शक्ति-रपि प्रवृत्तः।
प्रीत्यात्म-वीर्य-मविचार्य मृगी मृगेन्द्रं,
नाभ्येति किं निजशिशोः परिपाल-नार्थम्।। 5।।

*शक्ति विचारे बिना मृगी ज्यों, निज शिशु की रक्षा करती।*
*क्रूर सिंह के सम्मुख जाती, बाल प्रीति मन में धरती ॥*

*त्यों जिनेन्द्र प्रभु! आप भक्तिवश, तुम गुण गाने उद्यत हूँ।*
*बुद्धि शक्ति से हीन भले पर, थुति करने संकल्पित हूँ ॥५॥*

**ॐ ह्रीं सकलकार्यसिद्धिकराय श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय श्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

अल्पश्रुतं श्रुत-वतां परि-हास-धाम,
त्वद्-भक्तिरेव मुखरी-कुरुते बलान् माम्।
यत्कोकिलः किल- मधौ मधुरं विरौति,
तच्चाम्र-चारु-कलिका-निक-रैक-हेतु।।6।।

*अल्पश्रुती मैं श्रुतवन्तों के, मध्य हँसी का पात्र रहा।*
*किन्तु भक्ति वश संस्तव करने, प्रेरित है यह चित्त महां ॥*
*आम्र मौर लख कोयल गाती, मधु ऋतु में फल आम मिले।*
*त्यों जिनवर के संस्तव तरु पर, शान्त सुखद शिवधाम फले ॥६॥*

**ॐ ह्रीं याचितार्थप्रतिपादनशक्तिसहिताय श्रीं महाबीजाक्षर-सहिताय हृदयस्थिताय श्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

त्वत्-संस्तवेन भव-सन्तति सन्निबद्धं,
पापं क्षणात्-क्षय-मुपैति शरीर-भाजाम्।
आक्रान्त-लोक-मलि-नील-मशेष-माशु,
सूर्यांशु-भिन्न-मिव शार्वर-मन्ध-कारम्।।7।।

*सकल लोक में व्याप्त रात्रि के, अलि सम काले सब तम को।*
*जिस विध रवि की प्रचण्ड किरणें, छिन्न भिन्न करती उसको॥*
*त्यों जिन संस्तव से जीवों के, भव भव के अघ टल जाते।*
*क्षण भर में जिनवर प्रभाव से, भक्तों के मन खिल जाते ॥७॥*

**ॐ ह्रीं सकलपापफलकुष्टनिवारणाय श्रीं महाबीजाक्षर सहिताय हृदयस्थिताय श्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

मत्वेवि नाथ! तव संस्तवनं मयेद-
मारभ्यते तनु-धियापि तव प्रभावात्।

चेतो हरिष्यति सतां नलिनी-दलेषु,
मुक्ता-फल-द्युति-मुपैति ननूद-बिन्दुः।। 8।।

*संस्तव फल जिन! मान आपका, अल्प बुद्धि संस्तवन करे।*
*प्रभु प्रभाव से यह जिन संस्तव, सन्तों का भी चित्त हरे ॥*
*कमल पत्र पर जल की बूँदें, ज्यों मोती सम भाती हैं।*
*त्यों जिनवर के गुण प्रभाव से, कविता प्रभाव लाती है ॥८॥*

**ॐ ह्रीं अनेकसङ्कटसंसारदुःखनिवारणाय श्रीं महाबीजाक्षर-सहिताय हृदयस्थिताय श्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

आस्तां तव स्तवन-मस्त-समस्त-दोषं,
त्वत्-सङ्कथाऽपि जगतां दुरितानि हन्ति।
दूरे सहस्र-किरणः कुरुते प्रभैव,
पद्मा-करेषु जलजानि विकास-भाञ्जि।। 9।।

*दोष रहित संस्तवन आपका, दूर रहे महिमा वाला।*
*किन्तु आपकी सत्य कथा भी, हर लेती अघ की माला ॥*
*दूर गगन में सूर्य भले हो, किन्तु प्रभा भी विकसाती।*
*भू पर सर में कमल दलों को, खिला खुला कर विहँसाती ॥९॥*

**ॐ ह्रीं सकलमनोवांछितफलदात्रे श्रीं महाबीजाक्षरसहितायहृदयस्थिताय विघ्नहर श्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

नात्यद्-भूतं भुवन-भूषण भूतनाथ,
भूतै-र्गुणै-र्भुवि भवन्त-मभिष्टु-वन्तः।
तुल्या भवन्ति भवतो ननु तेन किं वा,
भूत्याश्रितं य इह नात्मसमं करोति।। 10।।

*तीन भुवन के आभूषण प्रभु, सर्व जीव के नाथ तुम्हीं।*
*सत्य गुणों से तुम्हें भजे जो, वे बनते गुणनाथ सही ॥*
*आप समान भक्त हो जाते, इसमें क्या आश्चर्य महां।*
*जो आश्रित को करे न निज सम, उस नृप से क्या अर्थ रहा ॥१०॥*

**ॐ ह्रीं अर्हज्जिनस्मरणजिनसम्भूताय श्रीं महाबीजाक्षर-सहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहर श्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

दृष्ट्वा भवन्त-मनिमेष-विलोक-नीयम्,
नान्यत्र तोष- मुपयाति जनस्य चक्षुः।
पीत्वा पयः शशिकर-द्युति-दुग्ध-सिन्धोः,
क्षारं जलं जल-निधे-रसितुं क इच्छेत्।। 11।।

*अपलक दर्शनीय प्रभु तेरे, जो जन दर्शन कर जाते।*
*उनके नयना अन्य रूप को, लखकर तोष नहीं पाते ॥*
*शशि किरणों सम क्षीर उदधि का, मिष्ट नीर पीने वाला।*
*क्या खारा जल पीना चाहे, समुद्र का, जीने वाला ॥११॥*

**ॐ ह्रीं सकलतुष्टिपुष्टिकराय श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहर श्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

यैः शान्त-राग- रुचिभिः परमाणु-भिस्त्वं,
निर्मापितस्-त्रिभुवनैक-ललामभूत।
तावन्त एव खलु तेऽप्यणवः पृथिव्याम्,
यत्ते समान-मपरं न हि रूप-मस्ति।। 12।।

*जिन विराग सुन्दर अणुओं से, रचे आप अणु वे उतने।*
*दूजा रूप नहीं इस भूपर, शुचि परमाणु रहे इतने ॥*
*त्रिभुवन के अनुपम आभूषण, सुन्दरता के एक धनी।*
*वीतराग सौन्दर्य देखकर, लज्जित जग के रूपमणी ॥१२॥*

**ॐ ह्रीं वांछितरूपफलशक्तये श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

## द्वितीय वलय का महार्घ

द्वितीये वलये पूज्यं, तीर्थेशं शान्तिनायकं
भक्तामरस्थजैनेन्द्रं, ओं श्रीं बीजेन संयजे।।

**ओं ह्रीं जिनगुणसम्पत्तिप्राप्तये श्रीं बीजाक्षरसहितभक्तामरस्थद्वितीयवलयस्थित श्रीशान्तिनाथाय महार्घं।**

**जाप**

**ॐ ह्रीं श्रीं श्रीं झ्रीं क्रौं रक्ष-रक्ष सर्वरोगनिवारकसर्वार्थसिद्धिदायकशान्तिनाथाय नमः**

**( ९ जाप )**

## तृतीय वलय अर्घ प्रारम्भ

वक्त्रं क्व ते सुर-नरो-रग-नेत्र-हारि,
नि:शेष-निर्जित-जगत्-त्रितयोप-मानम्।
बिम्बं कलङ्क-मलिनं क्व निशा-करस्य,
यद्-वासरे भवति पाण्डुपलाश-कल्पम्।। 13।।

*कहाँ आपका प्रभु! मुखमण्डल, सुर नर अहिपति मनहारी।*
*त्रिभुवन की उपमायें जीतीं, जिनवर अनुपम मुख धारी॥*
*शशि की उपमा उचित नहीं है, क्योंकि चन्द्रमा समल रहा।*
*तथा दिवस में पलाश दल सम, क्षीण कान्ति में बदल रहा॥१३॥*

**ॐ ह्रीं लक्ष्मीसुखविधायकाय श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

सम्पूर्ण-मण्डल-शशाङ्क-कला-कलाप,
शुभ्रा गुणास्-त्रिभुवनं तव लङ्घयन्ति।
ये संश्रितास्-त्रिजग-दीश्वर नाथ-मेकं,
कस्तान् निवारयति सञ्चरतो यथेष्टम्।। 14।।

*पूर्ण चन्द्र की सर्व कला सम, धवल आपके जो गुण हैं।*
*तीन लोक को लाँघ रहे वे, स्वतन्त्र करते विचरण हैं॥*
*ठीक बात है त्रिभुवनपति का, जिसने भी आश्रय पाया।*
*उसे विचरने प्रभु सीमा में, कौन रोकने को आया॥१४॥*

**ॐ ह्रीं भूतप्रेतादिभयनिवारणाय श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

चित्रं किमत्रं यदि ते त्रिदशाङ्ग-नाभिर्,
नीतं मना-गपि मनो न विकार-मार्गम्।
कल्पान्त-काल-मरुता चलिता-चलेन,
किं मन्द-राद्रि-शिखरं चलितं कदाचित्।। 15।।

*सुरियाँ प्रभु का चित्त जरा भी, कभी न विचलित कर पायीं।*
*तो इसमें आश्चर्य रहा क्या, सुरगिरि सी दृढ़ता पायी॥*

*प्रलय काल की तीव्र वायु से, भले क्षुद्र गिरि हिल जाते।*
*किन्तु कभी क्या सुमेरु चोटी, हिलासकी, अविचल पाते ॥१५॥*

**ॐ ह्रीं मेरुवन्मनोबलकरणाय श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

निर्धूम-वर्ति-रप-वर्जित-तैल-पूरः,
कृत्स्नं जगत्- त्रय- मिदं प्रकटी-करोषि।
गम्यो न जातु मरुतां चलिता-चलानां,
दीपोऽपरस्त्वमसि नाथ! जगत्-प्रकाशः।। 16।।

*धूम्र वर्तिका तैल बिना प्रभु, त्रिभुवन को प्रकटित करते।*
*अचल हिलाती वायु गम्य नहिं, ऐसा ज्ञान दीप धरते ॥*
*हे जिनवर! तुम जगत प्रकाशी, अपूर्व दीपक कहलाये।*
*हम अज्ञानी तुम्हें पूजने, घृत का दीपक ले आये ॥१६॥*

**ॐ ह्रीं त्रैलोक्यलोकवशङ्कराय श्रीं महाबीजाक्षसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

नास्तं कदाचि-दुपयासि न राहु-गम्यः,
स्पष्टी-करोषि सहसा युगपज् जगन्ति।
नाम्भो-धरो-दर-निरुद्ध-महा-प्रभावः,
सूर्याति-शायि-महिमासि मुनीन्द्र! लोके।। 17।।

*अस्त न होते कभी आप जिन!, नहीं राहु से ग्रसे कभी।*
*नहीं मेघ के उदर समाये, ज्ञान तेज नहिं रुके कभी॥*
*आप लोक में रवि से बढ़कर, अतिशय महिमा धरते हो।*
*त्रिभुवन के सब पदार्थ युगपत्,सहज प्रकाशित करते हो ॥१७॥*

**ॐ ह्रीं पापान्धकार निवारणाय श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

नित्यो-दयं दलित-मोह-महान्ध-कारं,
गम्यं न राहु-वदनस्य न वारि-दानाम्।
विभ्राजते तव मुखाब्ज-मनल्प-कान्ति,
विद्योतयज्-जगदपूर्व-शशाङ्क-बिम्बम्।। 18।।

*मोह तिमिर को दलने वाला, नित्य उदित रहने वाला।*
*राहु वदन से ग्रसा न जाता, नहिं घन से घिरने वाला ॥*
*अमित कान्ति से तीन जगत को, सदा प्रकाशित करता है।*
*ऐसा प्रभु का मुखाब्ज अनुपम, शशि मण्डल सा लगता है ॥१८॥*

**ॐ ह्रीं चन्द्रवत्सर्वलोकोद्योतनकराय श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

किं शर्वरीषु शशि-नाह्नि विवस्वता वा,
युष्मन्-मुखेन्दु-दलितेषु तमःसु नाथ!
निष्पन्न-शालि-वन-शालिनि जीव-लोके,
कार्यं कियज्-जलधरै-र्जलभार-नम्रैः।। 19।।

*प्रभो! आपके मुख शशि द्वारा, अंधकार नश जाने से।*
*दिन में रवि से निशि में शशि से, नहीं अर्थ द्युति पाने से ॥*
*मनुज लोक में पकी धान युत, खेत अगर लहलहा रहे।*
*तब जलभृत उन नम्र घनों से, कुछ न प्रयोजन उन्हें रहे ॥१९॥*

**ॐ ह्रीं सकल कालुष्यदोषनिवारणाय श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

ज्ञानं यथा त्वयि विभाति कृताव-काशं,
नैवं तथा हरि-हरादिषु नायकेषु।
तेजो महा-मणिषु याति यथा महत्त्वं,
नैवं तु काच-शकले किरणा-कुलेऽपि।। 20।।

*सर्व तरह अवकाश प्राप्त वह, ज्ञान आप में शोभ रहा।*
*हरिहरादि देवों में वैसा, पूर्ण ज्ञान नहिं द्योत रहा ॥*
*जैसा तेज महामणियों में, शुचि महत्त्व को पाता है।*
*किरण व्याप्त भी काच खण्ड में, वैसा तेज न भाता है ॥२०॥*

**ॐ ह्रीं केवलज्ञानप्रकाशितलोकालोकस्वरूपाय श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

मन्ये वरं हरि-हरादय एव दृष्टा,
दृष्टेषु येषु हृदयं त्वयि तोष-मेति।
किं वीक्षितेन भवता भुवि येन नान्यः,
कश्चिन् मनो हरति नाथ! भवान्तरेऽपि।। 21।।

*हरिहरादि का दर्शन करना, पहले मुझको श्रेष्ठ रहा।*
*क्योंकि आपके दर्शन करके, फिर न कहीं सन्तोष लहा॥*
*जिन दर्शन से लाभ रहा यह, अब नहिं सराग मन भायें।*
*भवान्तरों में भी तेरे बिन, कोई नहीं लुभा पायें॥२१॥*

**ॐ ह्रीं सर्वदोषहरशुभदर्शनाय श्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

स्त्रीणां शतानि शतशो जनयन्ति पुत्रान्,
नान्या सुतं त्व-दुपमं जननी प्रसूता।
सर्वा दिशो दधति भानि सहस्त्र-रश्मिम्,
प्राच्येव दिग्जनयति स्फुर-दंशु-जालम्।। 22।।

*शतकों जननी शतकों सुत को, जनती रहतीं सदा यहीं।*
*तुम तीर्थंकर जैसे सुत को, जनतीं जननी अन्य नहीं॥*
*नक्षत्रों को सर्व दिशायें, सदा सदा धारण करती।*
*तेज किरणमय सूर्य बिम्ब को, केवल पूर्व दिशा जनती॥२२॥*

**ॐ ह्रीं अद्भुतगुणाय श्रीं महाबीजाक्षर सहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

त्वा-मा-मनन्ति मुनयः परमं पुमांस-,
मादित्य-वर्ण-ममलं तमसः पुरस्तात्।
त्वा-मेव सम्य-गुपलभ्य जयन्ति मृत्युम्,
नान्यः शिवः शिव-पदस्य मुनीन्द्र! पन्थाः।। 23।।

*हे मुनीन्द्र! तुमको सब मुनिजन, सूर्य वर्ण वाले माने।*
*अन्धकार से दूर आपको, निर्मल परम पुरुष माने।*

*सम्यक् विधि से तुम्हें प्राप्त कर, सन्त मृत्यु पर जय पाते।*
*बिना आपके शिवपद का पथ, हितकर अन्य नहीं गाते ॥२३॥*

**ॐ ह्रीं सहस्त्रनामाधीश्वराय भ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिमाय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

त्वा-मव्ययं विभु-मचिन्त्य-मसंख्य-माद्यं,
ब्रह्माण-मीश्वर-मनन्त-मनङ्ग-केतुम्।
योगीश्वरं विदित-योग-मनेक-मेकं,
ज्ञान-स्वरूप-ममलं प्रवदन्ति सन्तः।। 24।।

*हे जिन! सन्त आपको अव्यय, विभु अचिन्त्य ईश्वर कहते।*
*आद्य असंख्य अनेक एक भी, अनंगकेतु तथा कहते ॥*
*तुम योगीश्वर विदित योग भी, प्रभु अनन्त कहलाते हो।*
*ज्ञान स्वरूप अमल परमेश्वर, ब्रह्मा गाये जाते हो ॥२४॥*

**ॐ ह्रीं मनोवांछितफलदायकाय भ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

## तृतीय वलय का महार्घ

तृतीये वलये पूज्यं, तीर्थेशं शान्तिनायकं।
भक्तामरस्थजैनेन्द्रं, ओं भ्रीं बीजेन संयजे।।

**ओं ह्रीं अनन्तचतुष्टयप्राप्तये भ्रीं बीजाक्षरसहितभक्तामरस्थतृतीयवलयस्थित श्रीशान्तिनाथाय महार्घं।**

**जाप**

**ॐ ह्रीं श्रीं भ्रीं झ्रीं क्रौं रक्ष-रक्ष सर्वरोगनिवारकसर्वार्थसिद्धिदायक - शान्तिनाथाय नमः**

**( ९ जाप )**

## चतुर्थ वलय अर्घ प्रारम्भ

बुद्धस्त्व-मेव विबुधार्चित-बुद्धि-बोधात्,
त्वं शङ्करोऽसि भुवन-त्रय-शङ्करत्वात्।

धातासि धीर! शिव-मार्ग-विधे-र्विधानाद्,
व्यक्तं त्वमेव भगवन्! पुरुषोत्तमोऽसि।। 25।।

*बुध सुर अर्चित बुद्धि बोध से, बुद्ध आप ही कहलाये।*
*तीन भुवन को सुख करने से, शंकर नाम तुम्हीं पाये ॥*
*मोक्षमार्ग की विधि करने से, धीर! आप ही धाता हो।*
*भगवन्! तुम प्रस्पष्ट रूप से, पुरुषोत्तम जगत्राता हो ॥२५॥*

**ॐ ह्रीं षड्दर्शनपारङ्गताय झ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

तुभ्यं नमस् त्रिभुव-नार्ति-हराय नाथ!,
तुभ्यं नमः क्षिति-तलामल-भूषणाय।
तुभ्यं नमस् त्रिजगतः परमेश्वराय,
तुभ्यं नमो जिन! भवोदधि-शोषणाय।। 26।।

*त्रिभुवन के दुख हरने वाले, हे जिनेन्द्र प्रभु! तुम्हें नमन।*
*क्षितितल के आभूषण भगवन्, तीर्थंकर जिन! तुम्हें नमन ॥*
*तीन लोक के परमेश्वर हो, तभी करें हम तुम्हें नमन।*
*भवसागर के शोषणकर्त्ता, भविक जनों के तुम्हें नमन ॥२६॥*

**ॐ ह्रीं नानादुःखविलीनाय झ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

को विस्मयोऽत्र यदि नाम गुणै-रशेषैस्,
त्वं संश्रितो निरवकाश-तया मुनीश।
दोषै-रुपात्त-विविधाश्रय-जात-गर्वैः,
स्वप्नान्तरेऽपि न कदाचि- दपीक्षितोऽसि।। 27।।

*विस्मय क्या प्रभु! तुम्हें गुणों ने, पूर्ण ठिकाना बना लिया।*
*नहीं जगह किञ्चित् दोषों को, जिनवर गुण के एक ठिया ॥*
*मिले बहुत आश्रय दोषों को, दोषगर्व से तने हुए।*
*नहीं स्वप्न में देखा उनने, आप गुणों में सने हुए ॥२७॥*

**ॐ ह्रीं सकलदोषनिर्मुक्ताय झ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

उच्चै-रशोक-तरु-संश्रित-मुन्मयूख-,

माभाति रूप-ममलं भवतो नितान्तम्।

स्पष्टोल्लसत्-किरण-मस्त-तमो-वितानं,

बिम्बं रवे-रिव पयोधर-पार्श्ववर्ति।। 28।।

*ऊँचे तरु अशोक के आश्रित, उन्नत दिव्य किरण वाला।*
*तमहर मनहर रूप तुम्हारा, द्योतित सुन्दर छवि वाला ॥*
*रश्मि सहस्रों वितरण करता, तिमिर मिटाता सूर्य यहाँ।*
*मेघ निकट में जैसे शोभे, त्यों तरु तल में ईश महाँ ॥२८॥*

**ॐ ह्रीं अशोकतरुविराजमानाय झ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

सिंहासने मणि-मयूख-शिखा-विचित्रे,

विभ्राजते तव वपुः कनकाव-दातम्।

बिम्बं वियद्-विलस-दंशु-लता-वितानम्,

तुङ्गो-दयाद्रि-शिर-सीव सहस्र- रश्मेः।। 29।।

*मणि किरणों के अग्रभाग से, चित्रित अनुपम सिंहासन।*
*जिस पर शोभे कनक कान्तिमय, हे जिन! तेरा सुन्दर तन ॥*
*किरण समूहों से जो मण्डित, नभ में कान्तिमान तमहर।*
*उदय अद्रि के तुंग शिखर पर, शोभ रहा ज्यों शुचि दिनकर॥२९॥*

**ॐ ह्रीं मणिमुक्ताखचितसिंहासनप्रातिहार्ययुक्ताय झ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

कुन्दा-वदात-चल-चामर-चारु-शोभम्,

विभ्राजते तव वपुः कल-धौत-कान्तम्।

उद्यच्छशाङ्क-शुचि-निर्झर-वारिधार-,

मुच्चैस्तटं-सुर-गिरेरिव शात-कौम्भम्।। 30।।

*ढुरते चंचल चँवर आप पर, कुन्द पुष्प सम शोभावान।*
*तब जिन! तेरा कनक कान्तिमय,तन दिखता सित रजत समान॥*

*चन्द्र किरण सम सित निर्झर की, सुमेरु तट पर जल धारा।*
*जैसी गिरती हो त्यों लगता, जिनवर दिव्य रूप प्यारा ॥३०॥*

**ॐ ह्रीं चतुः षष्टिचामरप्रातिहार्ययुक्ताय झ्रीं महाबीजाक्षर-सहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

छत्र-त्रयं तव विभाति शशाङ्क-कान्त-,
मुच्चैः स्थितं स्थगित-भानुकर-प्रतापम्।
मुक्ताफल-प्रकर-जाल-विवृद्ध-शोभम्,
प्रख्याप-यत् त्रिजगतः परमेश्वरत्वम्।। 31।।

*मुक्ताफल की सित लड़ियों से, वृद्धिंगत शोभा जिसकी।*
*भानुताप रोके जिनवर का, चन्द्रप्रभा सम द्युति जिसकी ॥*
*वह छत्रत्रय प्रभु पर शोभे, कहे आप त्रिभुवन स्वामी।*
*तीन जगत के सारे प्राणी, जिनवर को माने नामी ॥३१॥*

**ॐ ह्रीं छत्रत्रयप्रातिहार्ययुक्ताय झ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

गम्भीर-तार-रव-पूरित-दिग्विभागस्,
त्रैलोक्य-लोक-शुभ-सङ्गम-भूति-दक्षः।
सद्-धर्मराज-जय-घोषण-घोषकः सन्,
खे दुन्दुभि-र्ध्वनति ते यशसः प्रवादी।। 32।।

*उच्च गहन स्वर करने वाला, जिससे पूरित सर्व दिशा।*
*त्रिभुवन जन को सुखद समागम, विभूति देने दक्ष लसा ॥*
*सत्यधर्म कर्त्ता जिनेन्द्र की, जय घोषण करने वाला।*
*दुन्दुभि बजता नभ में हे जिन!, तव यश फैलाने वाला ॥३२॥*

**ॐ ह्रीं त्रैलोक्याज्ञाविधायिने दुन्दुभिप्रातिहार्ययुक्ताय झ्रीं महाबीजाक्षर सहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

मन्दार-सुन्दर-नमेरु-सुपारि-जात,
सन्तान-कादि-कुसुमोत्कर-वृष्टि-रुद्घा।
गन्धोद-बिन्दु-शुभ-मन्द-मरुत्-प्रपाता,
दिव्या दिवः पतति ते वचसां तति र्वा।। 33।।

*पारिजात मन्दार नमेरु, सुन्दर तरु के दिव्य सुमन।*
*सन्तानक आदिक के सुरसुम, गन्धोदक सह मन्द पवन ॥*
*ऐसे श्रेष्ठ कुसुम समूह की, नभ से पुष्पाञ्जली गिरती।*
*मानो हे जिन! तेरे मुख से, दिव्य वचन माला खिरती ॥३३॥*

**ॐ ह्रीं समस्तपुष्पजातिवृष्टिप्रातिहार्ययुक्ताय झ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

शुम्भत्-प्रभा-वलय-भूरि-विभा विभोस्ते,
लोक-त्रये द्युतिमतां द्युति-मा-क्षिपन्ती।
प्रोद्यद्-दिवाकर-निरन्तर-भूरि-संख्या,
दीप्त्या जयत्यपि निशामपि सोमसौम्याम्।। 34।।

*त्रिभुवनवर्ती दीप्तिमान यदि, पदार्थ सारे आ जावें।*
*तो जिनेन्द्र आभा के आगे, सब ही फीके पड़ जावें ॥*
*प्रभु का ज्योतिर्मय भामण्डल, कोटि सूर्य का तेज हरे।*
*ताप न करता शीतल शशि सम, रात्रि चाँदनी वही हरे ॥३४॥*

**ॐ ह्रीं कोटिभास्कर प्रभामण्डितभामण्डलप्रातिहार्ययुक्ताय झ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

स्वर्गा-पवर्ग-गम-मार्ग-विमार्गणेष्टः,
सद्धर्म-तत्त्व-कथनैक-पटुस्-त्रिलोक्याः।
दिव्यध्वनि-र्भवति ते विशदार्थ-सर्व-
भाषा-स्वभाव-परिणाम-गुणैः प्रयोज्यः।। 35।।

*स्वर्ग मोक्ष पहुँचाने वाले, सुमार्ग की यह खोज करे।*
*धर्म तत्त्व दर्शन की पटुता, जगहितकारी यही धरे ॥*
*विशद अर्थ भाषा स्वभाव में, परिणमने वाली वाणी।*
*जन्म जरा मरणों की हारक, दिव्यध्वनि जिन कल्याणी ॥३५॥*

**ॐ ह्रीं जलधरपटलसमगर्जितसर्वभाषात्मक योजनप्रमाण दिव्यध्वनि प्रातिहार्ययुक्ताय झ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

उन्निद्र-हेमनव-पङ्कज-पुञ्ज-कान्ति,
पर्युल्-लसन्-नख मयूख शिखाभि-रामौ।
पादौ पदानि तव यत्र जिनेन्द्र! धत्तः,
पद्मानि तत्र विबुधाः परि-कल्प-यन्ति।। 36।।

*खिले स्वर्ण के नव कुसुमों की, आभा से शोभित न्यारे।*
*नख मयूख के अग्र भाग से, अति सुन्दर जिन पद प्यारे॥*
*देव वहाँ रचते कमलों को, जिनवर जहाँ चरण रखते।*
*बत्तिस खन की सप्त पंक्ति में, दो सौ पच्चिस सुम रचते ॥३६॥*

**ॐ ह्रीं पादन्यासे पद्मश्रीयुक्ताय झ्रीं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

## चतुर्थ वलय महार्घ

चतुर्थे वलये पूज्यं, तीर्थेशं शान्तिनायकं।
भक्तामरस्थजैनेन्द्रं, ओं झ्रीं बीजेन संयजे।।

**ओं ह्रीं निःश्रेयोऽभ्युदयसम्पत्तिप्राप्तये झ्रीं बीजाक्षरसहित भक्तामरस्थचतुर्थवलयस्थिताय श्रीशान्तिनाथाय महार्घं।**

**जाप**

**ॐ ह्रीं श्रीं क्ष्रीं झ्रीं क्रौं रक्ष-रक्ष सर्वरोगनिवारकसर्वार्थसिद्धिदायकशान्तिनाथाय नमः**

**(9 जाप)**

## पंचम वलय अर्घ प्रारम्भ

इत्थं यथा तव विभूति-रभूज्-जिनेन्द्र!
धर्मोप-देशन-विधौ न तथा परस्य।
यादृक् प्रभा दिन-कृतः प्रहतान्ध-कारा,
तादृक् कुतो ग्रह-गणस्य विकासिनोऽपि।। 37।।

*धर्म देशना के विधान में, विभूति जैसी जिनवर की।*
*वैसी कहीं न देखी जाती, अन्य सरागी हरिहर की॥*
*जैसी प्रभा रही दिनकर की, वैसी नहिं तारागण की।*
*समवसरण वसु प्रातिहार्य सी, विभूति लसती जिनगण की॥३७॥*

**ॐ ह्रीं धर्मोपदेशसमये समवसरणादिलक्ष्मीविभूतिविराजमानाय क्रौं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

श्च्योतन्-मदाविल-विलोल-कपोल-मूल-,

मत्त-भ्रमद्-भ्रमर-नाद विवृद्ध कोपम्।

ऐराव-ताभ-मिभ-मुद्धत-मा-पतन्तं,

दृष्ट्वा भयं भवति नो भव-दाश्रितानाम्।। 38।।

*मद से लिप्त कपोल मूल है, चंचल पीपल पत्र समा।*
*जिस पर अलि दल मंडराने से, क्रोध बढ़ा तब अग्नि समा ॥*
*ऐसा ऐरावत सा हाथी, भक्तों के सम्मुख आवे।*
*तो जिनभक्त उसे लखकर भी, किसी तरह नहिं भय खावे ॥३८॥*

**ॐ ह्रीं हस्त्यादिगर्वदुर्द्धरभयनिवारणाय क्रौं महाबीजाक्षर-सहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

भिन्नेभ-कुम्भ-गल-दुज्ज्वल-शोणिताक्त,

मुक्ताफल-प्रकर-भूषित-भूमिभागः।

बद्ध-क्रमः क्रम-गतं हरिणा-धिपोऽपि,

नाक्रामति क्रम-युगा-चल-संश्रितं ते।। 39।।

*हस्ति विदारण करके जिसने, भूमि रक्त से रंजित की।*
*भिदे गजों के सिर से गिरते, मुक्ताओं से भूषित की॥*
*जिनको जिनवर के पद युग के, पर्वत की यदि ओट मिली।*
*उन भक्तों पर वह सिंह कैसे, कर सकता है चोट खरी ॥३९॥*

**ॐ ह्रीं युगादिदेवनामप्रसादात् केशरिभयविनाशकाय क्रौं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

कल्पान्त-काल-पवनोद्धत-वह्नि-कल्पं,

दावानलं ज्वलित-मुज्ज्वल-मुत्स्फुलिङ्गम्।

विश्वं जिघत्सु-मिव सम्मुख-मापतन्तं,

त्वन्नाम-कीर्तन-जलं शमयत्यशेषम्।। 40।।

*प्रलय काल की अग्नि तुल्य यह, दावानल सम्मुख आता।*
*जिसमें तेज फुलिंगे उठते, ज्वलित, विश्व खाने आता ॥*

*ऐसा प्रचण्ड दावानल भी, प्रभु के नाम जाप जल से।*
*शीघ्र शमित हो जाता भगवन्!, तेरी श्रद्धा के बल से ॥४०॥*

**ॐ ह्रीं संसाराग्नितापनिवारणाय क्रौं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

रक्तेक्षणं समद-कोकिल-कण्ठ-नीलं,
क्रोधोद्धतं फणिन-मुत्फण-मा-पतन्तम्।
आक्रामति क्रमयुगेण निरस्त-शङ्कस्-,
त्वन्नाम-नाग-दमनी-हृदि यस्य पुंसः।। 41।।

*मद युत कोकिल कण्ठ नील सम, कृष्ण नाग विष धाता हो।*
*क्रोध बढ़ा हो रक्त नेत्र हो, फणा उठाये आता हो ॥*
*जिसके उर में आप्त नाम की, अहिदमनी यदि वास करे।*
*तो वह भय बिन द्वय पैरों से, उसे लांघ कर गमन करे ॥४१॥*

**ॐ ह्रीं त्वन्नामनागदमनीशक्ति सम्पन्नाय क्रौं महाबीजाक्षर-सहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

वल्गत्तुरङ्ग-गज-गर्जित-भीमनाद-,
माजौ बलं बलवता-मपि भूपतीनाम्।
उद्यद्-दिवाकर-मयूख-शिखा-पविद्धं,
त्वत्-कीर्तनात्तम इवाशु भिदा-मुपैति।। 42।।

*अश्व उछलते हस्ति गरजते, शत्रु भयंकर शब्द करे।*
*विरुद्ध राजाओं की सेना, युद्धस्थल में युद्ध करे ॥*
*उदित सूर्य की किरण शिखा से, विद्ध तिमिर ज्यों भग जाता।*
*त्यों जिन कीर्तन से वह अरिदल, छिन्न भिन्न झट हो जाता ॥४२॥*

**ॐ ह्रीं संग्राममध्ये क्षेमङ्कराय क्रौं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

कुन्ताग्र-भिन्न-गज-शोणित-वारि-वाह-,
वेगा-वतार-तरणा-तुर-योध-भीमे।

युद्धे जयं विजित दुर्जय-जेय-पक्षास्-,
त्वत्पाद-पङ्कज-वना-श्रयिणो लभन्ते।। 43।।

*कुन्ताग्रों से भिदे गजों के, बहते रक्त प्रवाहों से।*
*शीघ्र उतरने शीघ्र तैरने, व्यग्र युद्ध योद्धाओं के ॥*
*दुर्जय जेय पक्ष को जीतें, निर्भय होकर वे भविजन।*
*जो जिनवर के पद पंकज के, वन का लेते आश्रय धन ॥४३॥*

**ॐ ह्रीं वनगजादिभयनिवारणाय क्रौं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

अम्भो-निधौ क्षुभित-भीषण-नक्र-चक्र-,
पाठीन-पीठ-भय-दोल्वण-वाड-वाग्नौ।
रङ्गत्तरङ्ग-शिखर-स्थित-यान-पात्रास्-,
त्रासं विहाय भवतः स्मरणाद् व्रजन्ति।। 44।।

*क्षुब्ध भयंकर मगर मच्छ की, पीठों की टक्कर जिसमें।*
*भयकारी विकराल दिख रहा, जलता बड़वानल जिसमें ॥*
*चंचल लहरों युक्त उदधि पर, जिनके जहाज संस्थित हों।*
*तो वे नर जिन नाम सुमरते, तट पा जाते निर्भय हों ॥४४॥*

**ॐ ह्रीं संसाराब्धितरणाय क्रौं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

उद्भूत-भीषण-जलोदर-भार-भुग्नाः,
शोच्यां दशा-मुप-गताश्च्युत-जीवि-ताशाः।
त्वत्-पाद-पङ्कज-रजोऽमृत-दिग्ध-देहा,
मर्त्या भवन्ति मकरध्वज-तुल्य-रूपाः।। 45।।

*रोग भयंकर हुआ जलोदर, अंग झुके ले पीड़ा भार।*
*शोचनीय दयनीय दशा से, जीवन आशा तजी विचार ॥*
*ऐसा नर तब हे जिन! तेरे, पद पंकज रज अमृत को।*
*धार देह पर स्वास्थ्य लाभ कर, पाता सुन्दरतम तन को ॥४५॥*

**ॐ ह्रीं दाहतापजलोदराष्टदशकुष्टसन्निपातादिरोगहराय क्रौं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा**

आपादकण्ठ मुरु-शृङ्खल-वेष्टिताङ्गा,

गाढं बृहन्-निगड-कोटि-निघृष्ट-जङ्घाः।

त्वन्-नाम-मन्त्र-मनिशं-मनुजाः स्मरन्तः,

सद्यः स्वयं विगतबन्ध-भया भवन्ति।। 46।।

*अंग पैर से कण्ठ जहाँ तक, बड़ी साँकलों से जकड़े।*

*लोह बेड़ियों के बन्धन से, जांघ घिसी कर डले कड़े ॥*

*ऐसे मनुष्य हे जिन! तेरे, नाम मन्त्र को ध्याते हैं।*

*वे झट बन्धन मुक्त स्वयं हों, निर्भयता को पाते हैं ॥४६॥*

**ॐ ह्रीं नानाविधकठिनबन्धनदूरकरणाय क्रौं महाबीजाक्षर-सहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

मत्त-द्विपेन्द्र-मृगराज-दवान-लाहि,

सङ्ग्राम-वारिधि-महोदर-बन्धनोत्थम्।

तस्याशु नाश- मुपयाति भयं भियेव,

यस्तावकं स्तव-मिमं मतिमा-नधीते।। 47।।

*मत्त हस्ति मृगराज दवानल, सर्प युद्ध वारिधि भय से।*

*रोग जलोदर बन्धन से जो, उदित हुए हैं भय दुख से ॥*

*हे जिन! तेरे इस संस्तव का, जो मतिमान पाठ करता।*

*उसके भय भयभीत हुए से, शीघ्र नशें जिन पद भजता ॥४७॥*

**ॐ ह्रीं बहुविधविघ्नविनाशनाय क्रौं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

स्तो-त्रस्रजं तव जिनेन्द्र! गुणै र्निबद्धां,

भक्त्या मया विविध-वर्ण-विचित्र-पुष्पाम्।

धत्ते जनो य इह कण्ठ-गता-मजस्रं,

तं 'मानतुङ्ग'-मवशा समुपैति लक्ष्मीः।। 48।।

*हे जिन! तेरी स्तोत्र मालिका, महागुणों से रची गयी।*

*बड़ी भक्ति से विविध वर्ण के, सुमनों से जो गुँथी गयी ॥*

*उस संस्तुति की गुणमाला को, नित्य कण्ठ में जो धारे।*
*उन मुनि मानतुंग को लक्ष्मी, सहज सर्वविध स्वीकारे ॥४८॥*

**ॐ ह्रीं सकलकार्यसाधनसामर्थ्याय क्रौं महाबीजाक्षरसहिताय हृदयस्थिताय विघ्नहरश्रीशान्तिनाथाय अर्घं नि. स्वाहा।**

## पंचम वलय महार्घ

पंचम वलये पूज्यं, तीर्थेशं शान्तिनायकं।
भक्तामरस्थजैनेन्द्रं, ओं क्रौं बीजेन संयजे।।

**ओं ह्रीं निधत्तनिकाचित-अशुभकर्मदहनाय क्रौं बीजाक्षरसहिताय भक्तामरस्थपञ्चमवलयस्थित श्रीशान्तिनाथाय महार्घं।**

**जाप**

**ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं क्रौं रक्ष-रक्ष सर्वरोगनिवारकसर्वार्थसिद्धिदायकशान्तिनाथाय नमः**

**( 9 जाप )**

## संपूर्ण अर्घ

संपूर्ण वलये पूज्यं, तीर्थेशं शान्तिनायकं।
भक्तामरस्थजैनेन्द्रं, पञ्चबीजाक्षरै र्यजे।।

**ओंह्रीं श्रीं क्लीं ऐं क्रौं पंचबीजाक्षरसहिताय भक्तामरस्तोत्र-स्थितपंचमवलय स्थिताय सर्वारिष्टनिवारकाय श्रीशान्तिनाथाय पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।**

**जाप**

**ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं ऐं क्रौं रक्ष-रक्ष सर्वरोगनिवारकसर्वार्थसिद्धिदायकशान्तिनाथाय नमः**

**( 108 जाप )**

## श्री भक्तामर जी पाठ ऋद्धि-सिद्धि मंत्र के अर्घ

1. ॐ ह्रीं अर्हं अवधिज्ञानबुद्धि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।
2. ॐ ह्रीं अर्हं मनःपर्ययज्ञानबुद्धि-ऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।
3. ॐ ह्रीं अर्हं केवलज्ञानबुद्धि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।
4. ॐ ह्रीं अर्हं कोष्ठबुद्धि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।
5. ॐ ह्रीं अर्हं बीजबुद्धि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।
6. ॐ ह्रीं अर्हं पदानुसारिबुद्धि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।
7. ॐ ह्रीं अर्हं संभिन्नश्रोतृत्वबुद्धिऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा॥

8. ॐ ह्रीं अर्हं दूरास्वादित्वबुद्धिऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

9. ॐ ह्रीं अर्हं दूरस्पर्शत्वबुद्धि-ऋद्धि संयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

10. ॐ ह्रीं अर्हं दूरघ्राणत्वबुद्धि-ऋद्धि संयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

11. ॐ ह्रीं अर्हं दूरश्रवणत्वबुद्धिऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

12. ॐ ह्रीं अर्हं दूरदर्शनत्वबुद्धिऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

13. ॐ ह्रीं अर्हं अवधिज्ञानबुद्धिऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

14. ॐ ह्रीं अर्हं चतुर्दशपूर्वित्वबुद्धिऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

15. ॐ ह्रीं अर्हं अष्टांगमहानिमित्तबुद्धिऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

16. ॐ ह्रीं अर्हं प्रज्ञाश्रमणत्वबुद्धिऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

17. ॐ ह्रीं अर्हं प्रत्येकबुद्धिऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

18. ॐ ह्रीं अर्हं वादित्वबुद्धिऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

19. ॐ ह्रीं अर्हं सर्वविक्रियाऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

20. ॐ ह्रीं अर्हं नभस्तलगामिचारणक्रियाऋद्धिसंयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

21. ॐ ह्रीं अर्हं जलचारणक्रियाऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

22. ॐ ह्रीं अर्हं जंघाचारणक्रियाऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

23. ॐ ह्रीं अर्हं फलपुष्पपत्रचारणक्रियाऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

24. ॐ ह्रीं अर्हं अग्निधूमचारणक्रियाऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

25. ॐ ह्रीं अर्हं मेघधाराचारणक्रियाऋद्धिसंयुक्तश्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

26. ॐ ह्रीं अर्हं तन्तुचारणक्रिया-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

27. ॐ ह्रीं अर्हं ज्योतिश्चारणक्रिया-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

28. ॐ ह्रीं अर्हं मरुच्चारणक्रिया-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

29. ॐ ह्रीं अर्हं सर्वतप-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

30. ॐ ह्रीं अर्हं अघोरब्रह्मचारित्वतपः-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

31. ॐ ह्रीं अर्हं मनोबल-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

32. ॐ ह्रीं अर्हं वचनबल-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

33. ॐ ह्रीं अर्हं कायबल-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

34. ॐ ह्रीं अर्हं आमर्षौषधि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

35. ॐ ह्रीं अर्हं क्ष्वेलौषधि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

36. ॐ ह्रीं अर्हं जल्लौषधि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

37. ॐ ह्रीं अर्हं मलौषधि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

38. ॐ ह्रीं अर्हं विप्रुषौषधि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

39. ॐ ह्रीं अर्हं सर्वौषधि-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

40. ॐ ह्रीं अर्हं मुखनिर्विष-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

41. ॐ ह्रीं अर्हं दृष्टिनिर्विष-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

42. ॐ ह्रीं अर्हं दृष्टिविष-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

43. ॐ ह्रीं अर्हं क्षीरस्त्राविरस-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

44. ॐ ह्रीं अर्हं मधुस्त्राविरस-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

45. ॐ ह्रीं अर्हं अमृतस्त्राविरस-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

46. ॐ ह्रीं अर्हं सर्पिःस्त्राविरस-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

47. ॐ ह्रीं अर्हं अक्षीणमहानस-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

48. ॐ ह्रीं अर्हं अक्षीणमहालय-ऋद्धि संयुक्त श्रीशान्तिनाथाय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

## जयमाला ( यशोगान )

श्रीहस्तिनापुरनगरेऽस्ति राजा, श्रीविश्वसेनो मुनिनाथभक्तः।
राज्ञी तु ऐरा जननी गुणज्ञा, तयोः सुपुत्रो जिनशान्तिनाथः ॥1॥
स कामदेवः स च चक्रवर्ती, सत्तीर्थकर्त्ता भवतापहर्त्ता।
श्रीशान्तिनाथः शिवसौख्यदाता, आवाँ सु ग्रामे चिरकालतोऽस्ति॥2॥
राजप्रदेशे जिनभक्तदेशे, श्रीटोंकप्रान्ते भवतीति तीर्थं।
सुदर्शनोदय -गुणनामधन्यं, प्राचीनतीर्थं नवरूपजातं॥3॥
यत्प्रेरणाया उदितं सुतीर्थं, तं श्रीसुधाब्धिं मुनिपं नमामि।
रम्यं प्रकृत्या जिनगेहयुक्तं, विद्यालयैः सह संदर्शनीयं।।4।।
त्रिमूर्तिगेहा जिननाथगेहा, नन्दीश्वरद्वीप - सहस्रकूटाः।
सभालयास्ते जिनपुङ्गवानां, स्तम्भौ सुतुङ्गौ जिनसूरिकीर्तेः।।5।।
क्षेत्रप्रभावो नहि कथ्यशक्यः, तथापि पूर्वं घटितं ब्रवीमि।
घृतक्षये श्रावकभोजकाले, कूपस्य नीरं घृतरूपजातं।।6।।
भोज्यावसाने मरिचस्य वृन्तं, द्वासप्ततिर्मानमनावशेषं।
महातिशायी सुदर्शनोदय, - सत्तीर्थरूपो मुनिवन्दनीयः।।7।।
यद्गन्धनीरैः परिलिप्तमर्त्याः, कुष्ठादिरोगाद् रहिता भवन्ति।
यस्य प्रभावाद् शमयन्ति पीड़ाः, तं शान्तिनाथं प्रणमामि भक्त्या।।8।।
शान्तिप्रदाता जिनशान्तिनाथः, व्याधिप्रहर्त्ता जिनशान्तिनाथः।
कल्याणकर्त्ता जिनशान्तिनाथः, करोतु शान्तिं जगतां भुवां च।।9।
निःस्वार्थभावैर्जिनतीर्थकर्त्तुः, कुर्वन्तु भव्या विनयेन भक्तिं।
तान् भाक्तिकान् सा फलतीष्टरूपं,भक्तिर्जनानां सुखदायिनी स्यात्।10
महाप्रभावैः शुचिबीजवर्णैः, ह्रीं श्रीं च भ्रीं झ्रीं सह क्रौं समेतं।
भक्तामरस्थं जिनशान्तिनाथं, यजामि भक्त्या मृदुभावसाकं॥11॥

**ओं ह्रीं श्रीं भ्रीं झ्रीं क्रौं महाबीजाक्षरसम्पन्नभक्तामरस्तोत्रस्थित अरिष्टनिवारकश्रीशान्तिनाथजिनेन्द्राय नमःपूर्णार्घं निर्व0 स्वाहा।।**

# आचार्य विद्यासागर पूजन

( तर्ज - विद्यासागर जी आओ महाराज पधारो म्हारे आंगणिया..........। )

**ओ विद्यासागर जी, मेरे गुरुदेव, विराजो मन मंदिर में।**
**मंदिर में जी मन मंदिर में,मुझे पाना है शान्ति अपार,विराजो मन मंदिर में।**

**मन के मंदिर में हे गुरुवर!, वेदी भव्य बनाऊँ,**
**भक्ति सहित उर के आसन पर, सविनय तुम्हें बिठाऊँ।**
**पूजूँ पूजूँ मैं अष्ट प्रकार, पधारो मन मंदिर में ॥१॥**
**बिना आपके मन का मंदिर, सूना सूना लागे,**
**आप सूर्य आ जाओ तो झट, पाप अंधेरा भागे।**
**करुँ उर में गुरु अवतार, विराजो मन मंदिर में ॥२॥**

ओं ह्रूं महाकवि-आचार्यश्रीविद्यासागरगणीन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् आह्वाननम्। अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम्। अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्।

**श्री गुरुवर की जिनेन्द्र मुद्रा, शान्त भाव दर्शाती,**
**वीतराग छवि के दर्शन से, मन कलियाँ हर्षाती।**
**करुँ पूजा में शुचि जलधार, विराजो मन मंदिर में ॥३॥**

ओं ह्रूं महाकवि-निर्ग्रंथाचार्यगुरुवरश्रीविद्यासागरगणीन्द्राय जलं नि.स्वाहा।

**बड़ी कठिनता से गुरु मैंने, तेरे दर्शन पाये,**
**दर्शन कर मन मयूर नाचा, पुलकित हो हर्षाये।**
**धरुँ पूजा में चंदन सार, विराजो मन मंदिर में ॥४॥**

ओं ह्रूं महाकवि-निर्ग्रंथाचार्यगुरुवरश्रीविद्यासागरगणीन्द्राय चंदनं नि. स्वाहा।

**दीक्षा ले जन जन में तुमने, गुरु विश्वास जमाया,**
**हाथ कमण्डलु मोर पिच्छिका, मन में शास्त्र समाया।**
**धरुँ पूजा में अक्षत थार, विराजो मन मंदिर में॥५॥**

ओं ह्रूं महाकवि-निर्ग्रंथाचार्यगुरुवरश्रीविद्यासागरगणीन्द्राय अक्षतान् नि. स्वाहा।

**श्रमण बने बिन नहीं किसी को, दुख से मुक्ति मिली है,**
**मुनि दर्पण बिन पाप कालिमा, भवि की नहीं धुली है।**
**धरुँ पूजा में पुष्प सम्हार, विराजो मन मंदिर में॥६॥**

ओं ह्रूं महाकवि-निर्ग्रंथाचार्यगुरुवरश्रीविद्यासागरगणीन्द्राय पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

**भव वन भटक-भटक कर आये, हे गुरु! हम अज्ञानी,**
**राह दिखाओ मोक्ष महल की, अब न करें नादानी।**
**धरूँ पूजा में चरुवर थार, विराजो मन मंदिर में॥७॥**

ओं ह्रूं महाकवि-निर्ग्रंथाचार्यगुरुवरश्रीविद्यासागरगणीन्द्राय नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

**वीतराग निर्दोष निर्भयी, मुनिवर सबको प्यारे,**
**प्राणि मात्र के हैं उपकारी, जग में जग से न्यारे।**
**धरूँ पूजा में दीप सम्हार, विराजो मन मंदिर में॥८॥**

ओं ह्रूं महाकवि-निर्ग्रंथाचार्यगुरुवरश्रीविद्यासागरगणीन्द्राय दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

**आत्म शान्ति का मार्ग तुम्हीं से, हे गुरो! जाना जाता,**
**करुणा मैत्री दया पाठ को, तव चरित्र सिखलाता।**
**धरूँ पूजा में सुरभित सार, विराजो मन मंदिर में॥९॥**

ओं ह्रूं महाकवि-निर्ग्रंथाचार्यगुरुवरश्रीविद्यासागरगणीन्द्राय धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

**तुमने पहले मन को जीता, फिर जन-जन को जीता,**
**इसके बिना न कोई वश हो, कहती जिनवर गीता।**
**धरूँ पूजा में श्रीफल थार, विराजो मन मंदिर में॥१०॥**

ओं ह्रूं महाकवि-निर्ग्रंथाचार्यगुरुवरश्रीविद्यासागरगणीन्द्राय फलं निर्वपामीति स्वाहा।

**तेरे उपकारों को गुरुवर, कभी चुका ना पायें,**
**कोई वस्तु नहीं है जग में, जिसे तुम्हें दे पायें।**
**धरूँ पूजा में अर्घ सम्हार, विराजो मन मंदिर में ॥११॥**

ओं ह्रूं महाकवि-निर्ग्रंथाचार्यगुरुवरश्रीविद्यासागरगणीन्द्राय अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

## यशोगान

### ज्ञानविद्या छन्द

**कर्नाटक में ग्राम सदलगा, उतरा विद्याधर नन्दा।**
**दश-दश सन् उन्निस सौ छ्यालिस, जब शारद पूनम चन्दा॥**
**श्रीमन्ती माँ गले लगाती, मल्लप्पा पितु मुस्काते।**
**महावीर खुशियों के बादल, विद्याधर पर बरसाते ॥१॥**
**यौवन में वैराग्य हुआ तो, पहुँचे शरण ज्ञानसागर।**
**ज्ञानसिन्धु ने ज्ञान दान से, भर दी विद्या की गागर॥**

गुरु सेवा से विद्या कंकर, बना आज सबका शंकर।
पाँचें सिताषाढ़ को बनते, विद्याधर विद्यासागर ॥२॥

तीस जून उन्निस सौ अड़सठ, भेष दिगम्बर धरा खरा।
ज्ञान-अद्रि से उदित सूर्य गुरु, विद्यासागर बन निखरा ॥
मिथ्यातम का घोर अँधेरा, छटा आपके आने से।
भव्य कमल मृदु खिलते खुलते, ज्ञानकिरण मिल जाने से ॥३॥

स्वयं साधना में रत होने, ज्ञानसिन्धु चिंतन करते।
पद तजते सल्लेखन धरते, हित करते क्रन्दन हरते ॥
योग्य शिष्य विद्यासागर को, निजी सूरि का पद देते।
मगसिर वदी दोज को लघु बन, गुरु सल्लेखन व्रत लेते ॥४॥

सन् उन्नीस बहत्तर बाइस, माह नवम्बर पद आगर।
विद्याधर से विद्यासागर, बने सूरि विद्यासागर।
ज्ञानसिन्धु से भरकर लाये, रत्नत्रय की जो गागर।
दीक्षा दे गुण लुटा रहे गुरु, जयवन्तो विद्यासागर ॥५॥

धर्मसिन्धु आचार्य चरण में, मात पिता शरणा पाते।
माँ बन जाती क्षान्ति समयमति, पितु मुनि मल्लिसिन्धुभाते ॥
'शान्ति' 'अनन्त' अनुज दोनों ही, अग्रज गुरुविद्या पाते।
'समय' 'योगसागर' मुनि बन के, धर्मध्वजा को फहराते ॥६॥

शान्ता-स्वर्णा दोनों भगिनी, ब्रह्मचर्य ले व्रती बनी।
गृह से सप्तजनों की टोली, मोक्षमार्ग पर निकल पड़ी ॥
अग्रज महावीर गृह में रह, श्रावक धर्म निभाते हैं।
मूकमाटी कन्नड़ अनुवादी, गुरु के मृदुपद ध्याते हैं ॥७॥

ओं ह्रूं आचार्यादिगुणसमन्वित-आचार्यश्रीविद्यासागरमुनीन्द्राय पूर्णार्घं नि. स्वाहा

दोहा

शान्ति वीर शिव ज्ञान से, विद्यासागर आर्य।
यशोगान गुरुदेव का, सफल करे शुभ कार्य॥

॥ इति शुभम् भूयात् ॥

# मुनिपुंगव श्रीसुधासागरजी पूजा

( तर्ज- मेरे सर पै रख दो.............. )

मेरे सर पे रख दो गुरुवर, अपने ये दोनों हाथ।
करूँ अर्चना सुधासिन्धु की, धर चरणों में माथ॥
मुनि परिषह जय के द्वारा-२, कर्मों को रहे पछाड़।
मुनिपुंगव श्रीसुधासिन्धु जी, रत्नत्रय भण्डार॥ध्रुव॥
मेरे हृदय विराजो गुरुवर, कब से आश लगायी है।
भक्ति भाव के सिंहासन पर, तिष्ठो मूरत भायी है॥
गुरु मन मंदिर बस जाओ-२, हैं अर्घ सभी तैयार।
करूँ अर्चना महाश्रमण की, वरण चले शिवनार ॥
सुधा के सागर, ज्ञान के सागर, विद्या के भण्डार ॥

ओं ह्रः मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्र! अत्र अवतर अवतर संवौषट् इति आह्वाननम्! अत्र तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः स्थापनम् ! अत्र मम सन्निहितो भव भव वषट् सन्निधीकरणम्!

इस भव वन में जनम मरण के, भारी कष्ट उठाता हूँ।
जरा रोग के दृश्य देखकर, हे गुरुवर घबराता हूँ ॥
गुरु जन्म जरा क्षय कर दो-२, अर्पित है शुचि जल धार।
करूँ अर्चना महाश्रमण की, वरण चले शिवनार।
सुधा के सागर, ज्ञान के सागर, विद्या के भण्डार ॥

ओं ह्रः मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः जलं निर्वपामीति स्वाहा।

लख चौरासी योनि भटकते, तन धर-धर मर जाते हैं।
चारों गति में घूम-घूम कर, पुनः वहीं आ जाते हैं ॥
संसार दुःख क्षय कर दो-२, अर्पूं चंदन घनसार।
करूँ अर्चना महाश्रमण की, वरण चले शिवनार।
सुधा के सागर, ज्ञान के सागर, विद्या के भण्डार ॥

ओं ह्रः मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः चंदनं निर्वपामीति स्वाहा।

मन इन्द्रिय को जो प्रियकारी, उस सुख में आसक्त रहा।
एक समय में अनंत दुख के, बीज वपन में मस्त रहा॥

गुरु अक्षय सुख का वर दो-२, यह अर्पूं अक्षत थार।
करूँ अर्चना महाश्रमण की, वरण चले शिवनार।
सुधा के सागर, ज्ञान के सागर, विद्या के भण्डार ॥

ओं ह्रः मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः अक्षतान् निर्वपामीति स्वाहा।

कुशील अघ के कारण प्राणी, सदा-सदा दुख पाता है।
विषय वासना पाप कराती, देती दुःख असाता है॥
मन ब्रह्मचर्यमय कर दो-२, अर्पूं पुष्पों का हार।
करूँ अर्चना महाश्रमण की, वरण चले शिवनार।
सुधा के सागर, ज्ञान के सागर, विद्या के भण्डार ॥

ओं ह्रः मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः पुष्पं निर्वपामीति स्वाहा।

भोजन संज्ञा लगी सदा से, अब तक ना जय पायी है।
बार बार भोजन करके भी, फिर-फिर भूख सतायी है ॥
मम क्षुधा निवारण कर दो-२, अर्पूं यह नेवज थार।
करूँ अर्चना महाश्रमण की, वरण चले शिवनार।
सुधा के सागर, ज्ञान के सागर, विद्या के भण्डार ॥

ओं ह्रः मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः नैवेद्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ज्ञान स्वभावी होकर भी यह, मोह सहित अज्ञानी है।
राग द्वेष को वश में करते, ऐसे गुरुवर ज्ञानी हैं॥
मुझे ज्ञाता द्रष्टा कर दो-२, यह दीप धरूँ उजियार।
करूँ अर्चना महाश्रमण की, वरण चले शिवनार।
सुधा के सागर, ज्ञान के सागर, विद्या के भण्डार ॥

ओं ह्रः मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः दीपं निर्वपामीति स्वाहा।

चार घातिया कर्म जीव के, निजी गुणों को घात रहे।
चउ अघाति विधि से भव वन में, देहाश्रित प्रतिघात सहे ॥
गुरु अष्ट कर्म क्षय कर दो-२, शुचि धूप अर्पते सार।
करूँ अर्चना महाश्रमण की, वरण चले शिवनार॥
सुधा के सागर, ज्ञान के सागर, विद्या के भण्डार ॥

ओं ह्रः मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः धूपं निर्वपामीति स्वाहा।

कर्म-फलों को जीव जगत् में, नादि काल से भोग रहा।
कभी सुखों का कभी दुखों का, नहीं मात्र सुख योग रहा॥
गुरु विधि फल समता भर दो-२, अर्पूं मैं श्रीफल थार।
करूँ अर्चना महाश्रमण की, वरण चले शिवनार॥
सुधा के सागर, ज्ञान के सागर, विद्या के भण्डार ॥
ओं ह्रः मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः फलं निर्वपामीति स्वाहा।

धन्य महामुनि सुधा के सागर, भारी परिषह सहते हो।
कर्म उदय में समता धरते, नहीं किसी से कहते हो॥
गुरु तुम सम मुझे बना लो-२, यह अर्पूं अर्घ सम्हार।
करूँ अर्चना महाश्रमण की, वरण चले शिवनार।
सुधा के सागर, ज्ञान के सागर, विद्या के भण्डार ॥
ओं ह्रः मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः अर्घं निर्वपामीति स्वाहा।

यशोगान-

विद्यासागर सूरि के, शिष्य सुधा के सिन्धु।
जिनकी गुण गाथा कहूँ, अल्प बुद्धि से बिन्दु ॥

विद्यार्चना छन्द

तर्ज- हे गुरुवर तेरे गुण गाने.............................................।

हे मुनिवर! तेरे चरणों में, हम वंदन करने आये है,
श्रीसुधासिन्धु मुनिपुंगव से, ज्ञानामृत पाने आये है।
तीरथ ईशुरवारा नगरी में, मुनिवर तुमने जन्म लिया,
श्रीरूपचन्द्र जी शान्ति मातु की, गोदी गृह को धन्य किया ॥१॥

उन्निस अट्ठावन मोक्षसप्तमी, जयकुमार गुरु-दिन जन्में,
पारस जिन सम परिषहविजयी, मुनि सुधासिन्धु को सभी नमें।
तुम पढ़े विश्वविद्यालय में, बीकाम किया बेकाम हुए,
सर्वस्व त्यागकर दीक्षा ली, तब सब विद्या के धाम हुए ॥२॥

तुम आत्म स्वरूपी शान्ति हेतु, सम्बन्धी मात पिता तजते,
तुम ऋषभदेव से आत्म ज्ञान पा, भ्रात ऋषभ ज्ञानी तजते।
शुचि कंचन सदृश निरंजन बनने, दोनों भगिनी भी तजते,
भरतेश समान विरक्त चित्त हो, गौतम गुरु सा पद भजते ॥३॥

बचपन से ज्ञान पिपासा थी, तुम पढ़ी पढ़ायी श्रुतशाला,
प्रतिभा सम्पन्न बालपन से, फिर मिली ज्ञान विद्याशाला।
उन्नीस अठत्तर व्रत ले जय ने, पथ पर पहला कदम रखा,
क्षुल्लक ऐलक पद में गुरु ने, तुम नाम परमसागर परखा ॥४॥

क्षुल्लक दस जनवरी अस्सी में, ऐलक अप्रिल पन्द्रह ब्यासी,
आश्विन बदि तीज दिगम्बर बनते, आप ईसरी तेरासी।
आचार्यश्री विद्यासागर गुरु, नाम सुधासागर रखते,
गुरुवर ने जैसे गुण देखे, वैसे हम मुनिवर में लखते ॥५॥

गुरु आज्ञा से करते विहार, जिनधर्म ध्वजा को फहराते,
मुनि आप श्रमण संस्कृति पर चल, जिनवाणी की महिमा गाते।
तुम मोक्षमहल की ओर निरंतर, गुरु सम बढ़ते जाते हो।
बिन बोले तप से या प्रवचन से, मुक्तिमार्ग दर्शाते हो ॥६॥

जो दादागुरु कवि ज्ञानसिन्धु की, जन्म ज्ञान तप भूमि रही,
गुरु विद्यासागर मुनि दीक्षा की, पुण्य भूमि अजमेर रही।
ऐसी राजस्थानी भू पर, गुरु कीर्ति स्तंभ सुहाया है,
उनके काव्यों पर गोष्ठी कर, साहित्य सुयश फैलाया है ॥७॥

अतिशयकारी तुम वाणी से, अमृत की वर्षा होती है,
भक्तों के ताप सकल हरती, पापों की कालिख धोती है।
तुम कुन्दकुन्द के ज्ञान सूर्य से, जिनशासन जगमगा रहे,
कर समन्तभद्री तत्त्व गर्जना, मिथ्यातम को भगा रहे ॥८॥

गुरु चरण पड़ें जिस धरती पर, नव तीर्थ उदित हो जाता है,
कहीं गुरुकुल कहीं विद्यालय कहीं, गोगृह कहीं जिनगृह भाता है।
जिनबिम्ब पंच कल्याण महोत्सव, होंय बड़े तुम सन्निधि में
भूगर्भस्थित जिन बिम्बों के, अभिषेक दर्श हों सद्विधि में ॥९॥

है सांगानेर, चाँदखेड़ी, ज्ञानोदय मुनिसुव्रत गरिमा,
अभिषेक दर्श को उमड़ पड़ी, लाखों जनता सुन जिनमहिमा।
गुरु विद्यासागर मुनि दीक्षा के, संयम स्वर्ण महोत्सव में,
जिनरथ यात्रा जन पदयात्रा, शीर्षस्थ रही सर्वोत्सव में ॥१०॥

तेईस दिसम्बर से पच्चिस की, यात्रा अतिशयमान रही,
इक से सत जनवरि अभिषव की, महिमा गाने का ज्ञान नहीं।
क्या कहें शान्तिधारा अतिशय, जन जन ने उसका फल पाया,
मंदिर में नित प्रति भीड़ बढ़ी, जिनभक्तों का मन हर्षाया ॥११॥

गृह तीर्थ छोड़ तुम प्रवचन से, बन गये अनेकों तीरथ हैं,
इक ज्ञानोदय शुभ तीर्थधाम, गुरु ज्ञानसिन्धु की कीरत है।
जन जिज्ञासा के समाधान में, समुचित उत्तर देते हो,
तुम पूर्वापर सिद्धान्त मथन कर , सब का मन हर लेते हो ॥१२॥

भादों के दस लक्षण व्रत में, श्रावक का शिविर लगाते हो,
उन्नीस सौ तेरान्नव से तुम, जैनी संस्कार जगाते हो।
श्रावक उत्तम चर्या करते, बस तन पर दिखती धोती है,
ऐसे उन श्रावक की संख्या, प्रतिवर्ष हजारों होती है ॥१३॥

शिवरार्थि-जनों को ज्ञानध्यान की, कक्षा आप लगाते हो,
शतकों जन दस उपवास करें, ऐसा वैराग्य जगाते हो।
उस परम साधना के प्रभाव से, कुछ मुनिवर बन जाते हैं,
कक्षा प्रधान कभी शिविर प्रथम, विद्वान कोई बन जाते हैं ॥१४॥

अवकाश समय श्रुतग्रन्थों पर, विद्वत् संगोष्ठी करते हो,
विद्वानों को सम्मान दिला, श्रुतज्ञान सभी में भरते हो।
तुम श्रमण संस्कृति संस्थानों को, शिक्षण हेतु बुलाते हों,
विद्यार्थीजन विद्वान बनें, इस कारण शास्त्र पढ़ाते हो ॥१५॥

प्रतिदिन प्रभावना की गाथा, नहिं लिख सकता धीमान यहाँ ,
तेरे अतिशय गुण गाने को, नहि है कोई विद्वान महाँ।
हे महातपस्वी योगीश्वर! हे सुधासिन्धु गुरु! तुम्हें नमन,
दो ऐसा आशीर्वाद मुझे, मेरा भी होवे मोक्ष गमन ॥१६॥

ओं ह्ृ: मुनिपुंगवश्रीसुधासागरमुनीन्द्राय नमः पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

गुरु महिमा का अन्त ना, शब्द न पावें पार।
मुनि पद में पुष्पांजली, रखते भक्त सम्हार ॥
।। इति शुभं भूयात् ।।

# महार्घ

मैं देव श्री अरहंत पूजूँ, सिद्ध पूजूँ चाव सों।
आचार्य श्री उवझाय पूजूँ, साधु पूजूँ भाव सों।।
अर्हन्त भाषित बैन पूजूँ, द्वादशांग रची गनी।
पूजूँ दिगम्बर गुरुचरण, शिवहेत सब आशा हनी।।
सर्वज्ञ भाषित धर्म दशविधि, दयामय पूजूँ सदा।
जजि भावना षोडश रत्नत्रय, जा बिना शिव नहिं कदा।।
त्रैलोक्य के कृत्रिम, अकृत्रिम, चैत्य चैत्यालय जजूँ।
पनमेरु-नन्दीश्वर जिनालय, खचर सुरपूजित भजूँ।।
कैलाशश्री सम्मेदश्री, गिरनारगिरि पूजूँ सदा।
चम्पापुरी पावापुरी पुनि, और तीरथ सर्वदा।।
चौबीस श्री जिनराज पूजूँ, बीस क्षेत्र विदेह के।
नामावली इक सहसवसु जय, होंय पति शिव गेह के।।

दोहा

जल गंधाक्षत पुष्प चरु, दीप धूप फल लाय।
सर्व पूज्य पद पूज हूँ, बहु विधि भक्ति बढ़ाय।।

ॐ ह्रीं भावपूजाभाववंदना त्रिकालपूजा त्रिकाल-वंदना करै करावै भावना भावै श्री अरिहन्तजी सिद्धजी आचार्यजी उपाध्यायजी सर्वसाधु जी पञ्चपरमेष्ठिभ्यो नमः प्रथमानुयोगकरणनुयोग चरणानुयोग द्रव्यानुयोगेभ्यो नमः। दर्शन विशुद्धयादिषोडश कारणेभ्यो नमः। उत्तमक्षमादिदशलक्षणधर्मेभ्यो नमः। सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रेभ्यो नमः। जल के विषै, थल के विषै, आकाश के विषै, गुफा के विषै, पहाड़ के विषै, नगरनगरी विषै, ऊर्ध्वलोक, मध्यलोक, पाताललोक विषै विराजमान कृत्रिम अकृत्रिम जिनचैत्यालयजिनबिम्बेभ्यो नमः। विदेहक्षेत्रे विद्यमानबीसतीर्थङ्करेभ्यो नमः। पाँच भरत, पाँच ऐरावत दशक्षेत्र सम्बन्धी तीस चौबीसी के सात सौ बीस जिनबिम्बेभ्यो नमः। नन्दीश्वर-द्वीपसम्बन्धी बावन जिनचैत्यालयेभ्यो नमः। पञ्चमेरुसम्बन्ध अस्सी जिनचैत्यालयेभ्यो नमः। सम्मेदशिखर, कैलाश, चम्पापुर, पावापुर, गिरनार, सोनागिरि, राजगृही, शत्रुञ्जय, तारङ्गा, मथुरा आदि सिद्धक्षेत्रेभ्यो नमः। जैनबिद्री मूडबिद्री, हस्तिनापुर, चन्देरी, पपोरा, अयोध्या, चमत्कारजी, महावीरजी, पदमपुरीजी, तिजारा आदि अतिशयक्षेत्रेभ्यो नमः श्रीचारणऋद्धिधारी सप्तपरमर्षिभ्यो नमः।

ॐ ह्रीं श्रीमन्तं भगवन्तं कृपा-लसन्तं श्रीवृषभादिमहावीरपर्यन्त-चतुर्विंशतितीर्थङ्करपरमदेवं आद्यानां आद्ये जम्बूद्वीपे भरतक्षेत्रे आर्यखण्डे .......नाम्नि नगरे.........मासानामुत्तमे...... मासे शुभपक्षे..........तिथौ ..........वासरे .........मुन्यार्यिकाणां श्रावक श्राविकाणां सकलकर्म-क्षयार्थं अनर्घपदप्राप्तये सम्पूर्णार्घं निर्वपामीति स्वाहा।

# शान्तिपाठ

### दोधक

**शान्तिनाथ मुख शशि उनहारी, शील गुणव्रत संयमधारी।**
**लखन एक सौ आठ विराजैं, निरखत नयन कमलदलं लाजैं।।**
**पञ्चम चक्रवर्ती पदधारी, सोलम तीर्थंकर सुखकारी।**
**इन्द्र नरेन्द्र पूज्य जिन नायक, नमो शांतिहित शांति विधायक।।**
**दिव्य विटप पहुपन की वरषा, दुन्दुभि आसन वाणी सरसा।**
**छत्र चमर भामण्डल भारी, ये तुव प्रातिहार्य मनहारी।।**
**शान्ति जिनेश शांति सुखदाई, जगत्पूज्य पूजौं शिर नाई।**
**परम शांति दीजै हम सबको, पढ़ैं तिन्हें पुनि चार सङ्घ को।।**

### वसन्ततिलका

**पूजैं जिन्हें मुकुटहार किरीट लाके इन्द्रादि देव अरु पूज्य पदाब्ज जाके।।**
**सो शांतिनाथ वरवंश जगत्प्रदीप, मेरे लिये करहिं शांति सदा अनूप।।**

(निम्न श्लोक को पढ़कर जल छोड़ना चाहिए)

### उपजाति

**संपूजकों को प्रतिपालकों को, यतीनकों को यतिनायकों को।**
**राजा प्रजा राष्ट्र सुदेश को ले, कीजे सुखी है जिन! शान्ति को दे।।**

### स्त्रग्धरा

**होवै सारी प्रजा को, सुख बलयुत हो, धर्म-नारी नरेशा।**
**होवै वर्षा समै पै, तिलभर न रहे, व्याधियों का अन्देशा।।**
**होवै चोरी न जारी, सुसमय वरतै, हो न दुष्काल मारी।**
**सारे ही देश धारैं, जिनवर वृष को, जो सदा सौख्यकारी।।**

दोहा

घातिकर्म जिन नाश करि, पायो केवलराज।
शान्ति करो सब जगत में, वृषभादिक जिनराज।।

मन्दाक्रान्ता

शास्त्रों का हो, पठन सुखदा, लाभ सत्संगती का,
सद्वृत्तों का, सुजस कहके, दोष ढाकूँ सभी का।
बोलूँ प्यारे, वचन हित के,आपका रूप ध्याऊँ,
तौ लों सेऊँ, चरण जिनके, मोक्ष जो लों न पाऊँ।।

आर्या

तव पद मेरे हिय में, मम हिय तेरे पुनीत चरणों में।
तब लौं लीन रहौं प्रभु, जब लौं पाया न मुक्ति पद मैंने।।
अक्षर पद मात्रा से, दूषित जो कुछ कहा गया मुझसे।
क्षमा करो प्रभु सो सब, करुणा करि पुनि छुड़ाहु भव दुख से।।
हे जगबन्धु जिनेश्वर, पाऊँ तव चरण-शरण बलिहारी।
मरण समाधि सुदुर्लभ, कर्मों का क्षय सुबोध सुखकारी।।

पुष्पाञ्जलिं क्षिपामि

(यहाँ पर नौ बार णमोकार मंत्र पढ़ना चाहिए)

# विसर्जन

दोहा

बिन जाने या जानके, रही टूट जो कोय।
तुम प्रसाद तैं परमगुरु, सो सब पूरन होय।।
पूजनविधि जानूँ नहीं नहिं जानूँ आह्वान।
और विसर्जन हूँ नहीं, क्षमा करहु भगवान।।
मन्त्रहीन धनहीन हूँ, क्रियाहीन जिनदेव।
क्षमा करहु राखहु मुझे, देहु चरण की सेव।।
आये जो जो देवगण, पूजे भक्ति प्रमान।
ते अब जावहू कृपाकर, अपने-अपने थान।।

(निम्न श्लोक पढ़कर विसर्जन करना चाहिये)

श्री जिनवर की आशिका, लीजे शीश चढ़ाय।
भव-भव के पातक कटें, दुःख दूर हो जाय।।
(यहाँ पर नौ बार णमोकार मंत्र जपना चाहिये।)

# स्तुतिपाठ

(वेदी की परिक्रमा लगाते हुए निम्नलिखित स्तुतियाँ पढ़ें)

## दर्शन-स्तुति-१

### कविवर बुधजन

प्रभु पतित-पावन मैं अपावन चरण आयो सरन जी,
यों विरद आप निहार स्वामी मेंट जामन मरन जी।
तुम ना पिछान्यो आन मान्यो देव विविध प्रकार जी,
या बुद्धि सेती निज न जान्यो भ्रम गिन्यो हितकार जी।। 1।।

भव-विकट-वन में करम वैरी ज्ञान-धन मेरो हर्यो,
तब इष्ट भूल्यो भ्रष्ट होय अनिष्ट-गति धरतो फिर्यो।
धनि घड़ी यों धनि दिवस यों ही धनि जनम मेरो भयो,
अब भाग मेरो उदय आयो दरस प्रभु जी को लख लयो।। 2।।

छवि वीतरागी नगन मुद्रा दृष्टि नासा पै धरैं,
वसु प्रातिहार्य अनन्त गुणजुत कोटि रवि-छबि को हरैं।
मिट गयो तिमिर मिथ्यात मेरो उदय रवि आतम भयो,
मो उर हरष ऐसो भयो मनु रंक चिन्मामणि लयो।। 3।।

मैं हाथ जोड़ नवाऊँ मस्तक वीनऊँ तुम चरन जी,
सर्वोत्कृष्ट त्रिलोक-पति जिन सुनहुँ तारन-तरन जी।
जाचूँ नहीं सुर-वास पुनि नर-राज परिजन साथ जी,
'बुध' जाचहूँ तुव भक्ति भव-भव दीजिए शिवनाथ! जी।। 4।।

## दर्शन-स्तुति-2

### चौपाई

मैं तुम चरण कमल गुण गाय, बहुविधि भक्ति करी मन लाय।
जनम जनम प्रभु पाऊँ तोहि, यह सेवाफल दीजे मोहि।। 14।।

कृपा तिहारी ऐसी होय, जामन मरन मिटावो मोय।
बार बार मैं विनती करूँ, तुम सेवा भवसागर तरूँ।। 15।।
नाम लेत सब दुख मिट जाय, तुम दर्शन देख्या प्रभु आय।
तुम हो प्रभु देवन के देव, मैं तो करूँ चरण तव सेव।। 16।।
मैं आयो पूजन के काज, मेरो जन्म सफल भयो आज।
पूजा करके नवाऊँ शीस, मुझ अपराध क्षमहु जगदीस।। 17।।

दोहा

सुख देना दुख मेटना, यही तुम्हारी बान।
मो गरीब की वीनती, सुन लीज्यो भगवान।। 18।।
पूजन करते देव का, आद्य मध्य अवसान।
स्वर्गन के सुख भोगकर, पावै मोक्ष निदान।। 19।।
जैसी महिमा तुम विषै, और धरै नहिं कोय।
जो सूरज में ज्योति है, तारा गण नहिं सोय।। 20।।
नाथ तिहारे नाम तैं, अघ छिन माँहिं पलाय।
ज्यों दिनकर परकाश तैं, अंधकार विनशाय।। 21।।
बहुत प्रशंसा क्या करूँ, मैं प्रभु बहुत अजान।
पूजाविधि जानूँ नहीं,सरन राखि भगवान।। 22।।

इति भाषास्तुतिपाठ समाप्त

(स्तुति पढ़ने के बाद यथासमय प्रमाण स्वाध्याय अवश्य करें एवं समयानुकूल णमोकार मन्त्र की जाप करें। तत्पश्चात् मूलनायक भगवान को पुनः नमस्कार करते हुए निम्न श्लोक पढ़ें –

तुभ्यं नमस्त्रिभुवनार्ति-हराय नाथ!
तुभ्यं नमः क्षितितलामलभूषणाय।
तुभ्यं नमस्त्रिजगतः परमेश्वराय,
तुभ्यं नमो जिन! भवोदधि-शोषणाय।।

# हवन विधि

## भूमिशुद्धि-मन्त्र

**ॐ ह्रीं महीपूतां कुरु कुरु हूं फट् स्वाहा। ( जल के छींटे लगावें )**

**ॐ ह्रीं श्रीं क्षीं भूः स्वाहा। ( पुष्प क्षेपण करें )**

## पात्रशुद्धि मन्त्र

**शोधये सर्वपात्राणि पूजार्थानपि वारिभिः।**

**समाहितो यथाम्नायं करोमि सकलीक्रियाम्।।**

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रूं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते श्रीमते पवित्रतरजलेन पात्रशुद्धिं करोमि।

## सर्वशुद्धि मन्त्र

ॐ ह्रीं नमः सर्वज्ञाय सर्वलोकनाथाय धर्मतीर्थंकराय श्रीशान्तिनाथाय परमपवित्राय शुद्धाय पवित्रजलेन स्थलशुद्धिं होमकुण्डशुद्धिं, पात्रशुद्धिं, समिधाशुद्धिं साकल्यशुद्धि च करोमि।

## यन्त्र स्थापन मन्त्र

**अर्हं मन्त्रं नमस्कृत्य रत्नत्रयतपोनिधिं।**

**सिद्धयन्त्रं स्थापयामि सर्वोपद्रवशान्तये।।**

**श्रीपीठे यन्त्रस्थापनं करोमि ( यन्त्र स्थापित करें। )**

(निम्न मन्त्रों से विनायक यन्त्र पूजा करके अर्घ्य चढ़ावें)

**ॐ ह्रीं अर्हं नमः परमेष्ठिभ्यः स्वाहा**

**ॐ ह्रीं अर्हं नमः परमात्मभ्यः स्वाहा**

**ॐ ह्रीं अर्हं नमोऽनादिनिधनेभ्यः स्वाहा**

**ॐ ह्रीं अर्हं नमो नृसुरासुरपूजितेभ्यः स्वाहा**

**ॐ ह्रीं अर्हं नमोऽनन्तदर्शनेभ्यः स्वाहा**

**ॐ ह्रीं अर्हं नमोऽनन्तज्ञानेभ्यः स्वाहा**

**ॐ ह्रीं अर्हं नमोऽनन्तवीर्येभ्यः स्वाहा**

**ॐ ह्रीं अर्हं नमोऽनन्तसुखेभ्यः स्वाहा**

## कुण्डशुद्धि मन्त्र

**भो वायुकुमार! सर्वविघ्नविनाशनाय महीपूतां कुरु कुरु हूं फट् स्वाहा।**

**भो मेघकुमार! धरां प्रक्षालय प्रक्षालय अं हं सं तं पं स्वं झं यं क्ष्वीं क्षः फट् स्वाहा।**

भो अग्निकुमार ! धरां ज्वलय ज्वलय अं हं सं तं पं स्वं झं यं क्ष्वीं क्षः भूः फट् स्वाहा।

### कुण्डों पर मौलि बन्धन

**ॐ ह्रीं अर्हं पञ्चवर्णसूत्रेण त्रीन् वारान् वेष्टयामि।**

### आसन मन्त्र

**ॐ ह्रीं ह्रूं ह्रूं णिस्सहि आसने उपविशामि स्वाहा।**

### मौलिबन्धन मन्त्र

**ॐ नमोऽर्हते सर्वं रक्ष रक्ष ह्रूं फट् स्वाहा।**

### मौनव्रतग्रहण मन्त्र

**ॐ ह्रीं अर्हं मौनस्थितार्थं मौनव्रतं गृह्णामि स्वाहा।**

### जलशुद्धि मन्त्र

ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं ह्रः नमोऽर्हते भगवते पद्ममहापद्मतिगिञ्छकेसरि-महापुण्डरीकपुण्डरीकगङ्गासिन्धुरोहिद्रोहितास्याहरिद्धरिकान्तासीतासीतोदा-नारीनरकान्तास्वर्णरूप्यकूलारक्तारक्तोदापयोधिजलसुवर्णघटप्रक्षिप्तं नवरत्न-गन्धाक्षत पुष्पार्चितामोदकं कुरु कुरु झं झं झ्रौं झ्रौं वं वं मं मं हं हं सं सं तं तं पं पं द्रां द्रां द्रीं द्रीं हं सः स्वाहा।

### मंगलकलश स्थापन मन्त्र

**ॐ ह्रीं अर्हं स्वस्तिविधानाय पुण्याहवाचनार्थं मंगलकलशं स्थापयामि।**

(ईशान कोण में मंगल कलश स्थापित करें)

### दीपक स्थापन मन्त्र

**रुचिरदीप्तिकरं शुभदीपकं,सकललोकसुखाकरमुज्ज्वलम्।**
**तिमिरजालहरं प्रकरं सदा ,किल धरामि सुमंगलकं मुदा।।**

ॐ ह्रीं अज्ञानतिमिरहरं दीपकं स्थापयामि।

(निम्न मन्त्रों से विनायक यन्त्र पूजा करके अर्घ्य चढ़ावें)

**ॐ ह्रीं नीरजसे नमः ( जलं )**
**ॐ ह्रीं अक्षताय नमः ( अक्षतं )**
**ॐ ह्रीं दर्पमथनाय नमः ( नैवेद्यं )**
**ॐ ह्रीं श्रुतधूपाय नमः ( धूपं )**
**ॐ ह्रीं परमसिद्धाय नमः ( अर्घ्यं )**
**ॐ ह्रीं शीलगन्धाय नमः ( सुगन्धं )**
**ॐ ह्रीं विमलाय नमः ( पुष्पं )**
**ॐ ह्रीं ज्ञानोद्योताय नमः ( दीपं )**
**ॐ ह्रीं अभीष्टफलप्रदाय नमः ( फलं )**

**द्रव्याणि सर्वाणि विधाय पात्रे ह्यनर्घ्यमर्घ्यं वितरामि भक्त्या।**
**भवे भवे भक्तिरुदारभावाद् येषां सुखायास्तु निरन्तराय।।**

ॐ ह्रीं विनायकसिद्धयन्त्रेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

**मध्ये कर्णिकमर्हदार्यमनघं बाह्येऽष्टपत्रोदरे।**
**सिद्धान् सूरिवरांश्च पाठकगुरून् साधूंश्च दिक्पत्रगान्।।**
**सद्धर्मागमचैत्यचैत्यनिलयान् कोणस्थदिक्पत्रगान्।**
**भक्त्या सर्वसुरासुरेन्द्रमहितान् तानष्टधेष्टया यजे।।**

ॐ ह्रीं अर्हदादिनवदेवेभ्योऽर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा।

ॐ ह्रीं जिनमुखोद्भवस्याद्वादनयगर्भितद्वादशाङ्गश्रुतज्ञानायार्घ्यं निर्व. स्वाहा।
ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रादिगुणविराजमानाचार्योपाध्यायसर्वसाधुभ्योऽर्घ्यं निर्व.।

ॐ ॐ ॐ ॐ रं रं रं रं अग्निं स्थापयामि।

(दीपक से कपूर जलाकर अग्नि प्रज्वलित कर हवा करें)

**श्रीतीर्थनाथपरिनिर्वृतिपूतकाले, ह्यागत्य वह्निसुरपा मुकुटोल्लसद्भिः।**
**वह्निव्रजैर्जिनपदेहमुदारभक्त्या, देहुस्तदग्निमहमर्चयितुं दधामि।।**

ॐ ह्रीं चतुरस्रे तीर्थंकरकुण्डे गार्हपत्याग्नौ कृतसंस्काराय तीर्थंकर-परमदेवाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा। (चौकोर कुण्ड के पास अर्घ्य चढ़ावें)

**गणाधिपानां शिवयातिकालेऽग्नीन्द्रोत्तमाङ्गस्फुरदुग्ररोचिः।**
**संस्थाप्य पूज्यश्च समाह्वनीयो, विघ्नौघ-शान्त्यै विधिना हुताशः।।**

ॐ ह्रीं वृत्ते द्वितीयगणधरकुण्डे आह्वनीयाग्नौ कृतसंस्कराय गणधरदेवाय अर्घ्यं निर्वपामीति स्वाहा। (गोल कुण्ड के पास अर्घ्य चढ़ावें)

**श्री दक्षिणाग्निः परिकल्पितश्च, किरीटदेशात् प्रणिताग्निदेवैः**
**निर्वाणकल्याणक-पूतकाले, तमर्चये विघ्न-विनाशनाय।**

ॐ ह्रीं त्रिकोणे तृतीयसामान्यकेवलिकुण्डे दक्षिणाग्नौ कृतसंस्काराय सामान्यकेवलिनेऽर्घ्यम् निर्व. स्वाहा। (त्रिकोण कुण्ड के पास अर्घ्य चढ़ावें)

**आहुतिमन्त्राः**

**१. ॐ ह्रां अर्हद्भ्यः स्वाहा,**
**२. ॐ ह्रीं सिद्धेभ्यः स्वाहा,**
**३. ॐ ह्रूं सूरिभ्यः स्वाहा,**
**४. ॐ ह्रौं पाठकेभ्यः स्वाहा,**
**५. ॐ ह्रः साधुभ्यः स्वाहा,**
**६. ॐ ह्रीं जिनधर्मेभ्यः स्वाहा,**

७. ॐ ह्रीं जिनागमेभ्य: स्वाहा, ८. ॐ ह्रीं जिनबिम्बेभ्य: स्वाहा,
९. ॐ ह्रीं जिनचैत्यालयेभ्य स्वाहा, १०. ॐ ह्रीं सम्यग्दर्शनाय नम: स्वाहा,
११. ॐ ह्रीं सम्यग्ज्ञानाय नम: स्वाहा १२. ॐ ह्रीं सम्यक्चारित्राय नम: स्वाहा।

पीठिकामन्त्रा:

षट्त्रिशत्पीठकामन्त्रै:, काम्यमन्त्रावसानकै:।
इज्यावशिष्टहव्याद्यै:, कुर्वे तावतिथाहुति:।। १।।

१. सत्यजाताय नम: २. अर्हज्जाताय नम:
३. परमजाताय नम: ४. अनुपमजाताय नम:
५. स्वप्रधानाय नम: ६. अचलाय नम:
७. अक्षयाय नम: ८. अव्याबाधाय नम:
९. अनन्तज्ञानाय नम: १०. अनन्तदर्शनाय नम:
११. अनन्तवीर्याय नम: १२. अनन्तसुखाय नम:
१३. नीरजसे नम: १४. निर्मलाय नम:
१५. अच्छेद्याय नम: १६. अभेद्याय नम:
१७. अजराय नम: १८. अमराय नम:
१९. अप्रमेयाय नम: २०. अगर्भवासाय नम:
२१. अक्षोभ्याय नम: २२. अविलीनाय नम:
२३. परमघनाय नम: २४. परमकाष्ठयोगरूपाय नम:
२५. लोकाग्रवासिने नमो नम: २६. परमसिद्धेभ्यो नमो नम:
२७. अनादिपरमसिद्धेभ्यो नमो नम: २८. अर्हत्सिद्धेभ्यो नमो नमङ
२९. केवलिसिद्धेभ्यो नमो नम: ३०. अन्त: कृत्सिद्धेभ्यो नमो नम:
३१. परम्परासिद्धेभ्यो नमो नम: ३२. अनादिपरम्परसिद्धेभ्यो नम:
३३. परमार्थसिद्धेभ्यो नमो नम: ३४. अनाद्यनुपमसिद्धेभ्यो नमो नम:
३५. त्रिकालसिद्धेभ्यो नमो नम:
३६. सम्यग्दृष्टे सम्यग्दृष्टे आसन्नभव्य आसन्नभव्य निर्वाणपूजार्ह निर्वाणपूजार्ह अग्नीन्द्र अग्नीन्द्र स्वाहा।

काम्यमन्त्र:

सेवाफलं षट्परमस्थानं भवतु अपमृत्युविनाशनं भवतु समाधिमरणं भवतु।

(पात्रों पर पुष्प क्षेपण करें)

## जातिमन्त्राः

अष्टभिर्जातिमन्त्रैश्च तावदव्यग्रमानसः।
इज्यावशिष्टहव्याद्यैः कुर्वे तावतिथाहुतिः।। २।।

१. सत्यजन्मनः शरणं प्रपद्यामि
२. अर्हज्जन्मनः शरणं प्रपद्यामि
३. अर्हन्मातुः शरणं प्रपद्यामि
४. अर्हत्सुतस्य शरणं प्रपद्यामि
५. अनादिगमनस्य शरणं प्रपद्यामि
६. अनुपमजन्मनः शरणं प्रपद्यामि
७. रत्नत्रयस्य शरणं प्रपद्यामि
८. सम्यग्दृष्टे सम्यग्दृष्टे ज्ञानमूर्ते ज्ञानमूर्ते सरस्वति सरस्वति स्वाहा।

## काम्यमन्त्रः

सेवाफलं षट्परमस्थानं भवतु अपमृत्युविनाशनं भवतु समाधिमरणं भवतु।
(पात्रों पर पुष्प क्षेपण करें)

## निस्तारकमन्त्राः

निस्तारकादिभिर्मंत्रै-रेकादशमितैरयम्।
इज्यावशिष्टहव्याद्यैः कुर्वे तावतिथाहुतिः।। ३।।

१. सत्यजाताय स्वाहा,
२. अर्हज्जाताय स्वाहा,
३. षट्कर्मणे स्वाहा,
४. ग्रामयतये स्वाहा,
५. अनादिश्रोत्रियाय स्वाहा,
६. स्नातकाय स्वाहा,
७. श्रावकाय स्वाहा,
८. देवब्राह्मणाय स्वाहा।
९. सुब्राह्मणाय स्वाहा,
१०. अनुपमाय स्वाहा।
११. सम्यग्दृष्टे सम्यग्दृष्टे निधिपते निधिपते वैश्रवण वैश्रवण स्वाहा।

## काम्यमन्त्रः

सेवाफलं षट्परमस्थानं भवतु अपमृत्युविनाशनं भवतु समाधिमरणं भवतु।
(पात्रों पर पुष्प क्षेपण करें)

## ऋषिमन्त्राः

ऋषिमन्त्रैर्महर्ष्युक्तैः पंचदशमितैरथ।
इज्यावशिष्टहव्याद्यैः कुर्वे तावतिथाहुतिः।। ४।।

१. सत्यजाताय नमः
२. अर्हज्जाताय नमः
३. निर्ग्रन्थाय नमः
४. वीतरागाय नमः
५. महाव्रताय नमः
६. त्रिगुप्ताय नमः

७. महायोगाय नमः

८. विविधयोगाय नमः

९. विविधर्द्धये नमः

१०. अङ्गधराय नमः

११. पूर्वधराय नमः

१२. गणधराय नमः

१३. परमर्षिभ्यो नमो नमः

१४. अनुपमजाताय नमो नमः

१५. सम्यग्दृष्टे सम्यग्दृष्टे भूपते भूपते नगरपते नगरपते कालश्रमण कालश्रमण स्वाहा।

### काम्यमन्त्रः

सेवाफलं षट्परमस्थानं भवतु अपमृत्युविनाशनं भवतु समाधिमरणं भवतु।

(पात्रों पर पुष्प क्षेपण करें)

### सुरेन्द्रमन्त्राः

अथ त्रयोदशभिर्मन्त्रैः,सुरेन्द्रादिभिराज्जसैः।
इज्यावशिष्टहव्याद्यैः कुर्वे तावतिथाहुतिः।। ५।।

१. सत्यजाताय स्वाहा,

